# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### मनु के नाम दो पदक

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।



राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 17 जनवरी को राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

# मनु, गुकेश, हरमनप्रीत, प्रवीण को खेल रत्न रिकॉर्ड 34 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को इस साल देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए 34 खिलाड़ियों में रिकॉर्ड 17 पैरा एथलीट हैं। खेल रत्न पुरस्कार पाने वालों में पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार भी शामिल हैं। विजेताओं को 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में एक विशेष कार्यक्रम में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन

अठारह वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन के डिफेंडिंग चैंपियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराया। पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे।

### प्रवीण पैरा हाई जंपर

पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।



### मुरलीकांत पेटकर को लाइफटाइम अवार्ड

लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर शामिल हैं जिन्हें 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में पीला तमगा मिला था। भारत पाकिस्तान युद्ध 1965 में गोलियां लगने से विकलांग हुए पेटकर पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है।

### अर्जुन पुरस्कार

| | |
|---|---|
| ज्योति याराजी | एथलेटिक्स |
| अनु रानी | एथलेटिक्स |
| नीतू घंघास | मुक्केबाजी |
| स्वीटी बूरा | मुक्केबाजी |
| वंतिका अग्रवाल | शतरंज |
| सलीमा टेटे | हॉकी |
| अभिषेक | हॉकी |
| संजय | हॉकी |
| जरमनप्रीत सिंह | हॉकी |
| सुखजीत सिंह | हॉकी |
| राकेश कुमार | पैरा-तीरंदाजी |
| प्रीति पाल | पैरा-एथलेटिक्स |
| जीवांजी दीप्ति | पैरा-एथलेटिक्स |
| अजीत सिंह | पैरा-एथलेटिक्स |
| सचिन सरजेराव | पैरा-एथलेटिक्स |
| धरमबीर | पैरा-एथलेटिक्स |
| प्रणव सूरमा | पैरा-एथलेटिक्स |
| एच होकाटो सेमा | पैरा-एथलेटिक्स |
| सिमरन | पैरा-एथलेटिक्स |
| नवदीप | पैरा-एथलेटिक्स |
| नितेश कुमार | पैरा-बैडमिंटन |
| तुलसिमति मुरुगेसन | पैरा-एथलेटिक्स |
| नित्या श्रे सुमति सिवन | पैरा-बैडमिंटन |
| मनीषा रामदास | पैरा-बैडमिंटन |
| कपिल परमार | पैरा-जूडो |
| मोना अग्रवाल | पैरा-निशानेबाजी |
| रूबीना फ्रांसिस | पैरा-निशानेबाजी |
| स्वप्निल सुरेश कुसाले | निशानेबाजी |
| सरबजोत सिंह | निशानेबाजी |
| अभय सिंह | स्क्वाश |
| साजन प्रकाश | तैराकी |
| अमन सहरावत | कुश्ती |
| सुच्चा सिंह | एथलेटिक्स |
| मुरलीकांत पेटकर | पैरा-तैराकी। |









फोर्स नक्सलगढ़ से माओवाद को खत्म करने उतर चुकी, फिर भी बड़े इलाके में नक्सली मौजूद

# माड़ के अबूझ इलाके के 50 गांवों में नए चेहरे पर पाबंदी, मोबाइल और घड़ी बैन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर के लालगढ़ यानी अबूझमाड़ में माओवादियों का अजब फतवा सामने आया है। लगातार फोर्स की धमक से घबराए नक्सलियों ने अंदरुनी गांवों के बाशिंदों के लिए मोबाइल नहीं रखने और घड़ी पर भी बैन लगा दिया है, साथ ही नए चेहरे की आमदरफ्त पर पहरा लगा दिया है।

यहां यह बताना लाजिमी है कि नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले माड़ एरिया में सशस्त्र बलों की चहलकदमी शुरू हो चुकी है और बड़े इलाके में फोर्स पहुंचने लगी है। इसके बावजूद अंदरुनी इलाका इतना बड़ा है कि भीतर माओवाद अब भी पल रहा है। इस इलाके में तकरीबन 50 गांव बताए जा रहे हैं। इन्हीं गांवों के लिए यह फरमान जारी हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार ▶▶| शेष पेज 4 पर

## फोर्स की धमक से नक्सली बेचैन, ग्रामीणों पर लगा रहे बंदिश

### तस्वीर लेने की मनाही

नक्सलियों द्वारा कर्मचारियों को भी अब फोटो लेने के लिए मना किया जा रहा है। सरकारी कामों से बाहर जाने वाले कर्मचारियों को शक की निगाह में रखा जा रहा हैं। कर्मचारियों के साथ संघम सदस्यों को साथ में भेजा जा रहा हैं। काम पूरा करने के बाद गांव से निकलने के दौरान भी जांच पड़ताल की जा रही हैं। जंगल के अंदर फोटो लेने पर पूरी तरह रोक लगा दी है।



### गहरी चोट से नक्सली चिंतित

आत्मसमर्पण के बाद नक्सली लीडर इस बात का खुलासा कर चुका है कि सशस्त्र बलों के प्रहार से नक्सलवाद को गहरी चोट पहुंची है। इधर, अबूझमाड़ में कार्यरत एक कर्मचारी ने बताया कि अंदरूनी गांवों का माहौल बहुत खराब हैं। नक्सलियों के द्वारा हर किसी पर नजर रखी जा रही हैं। गावों से निकलने वालों के साथ गांवों में शहर से जाने वाले सभी लोगों की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पहाड़ियों पर जाने से पहले ही रोक चुके

आदिवासियों को पहाड़ियों और जंगल में जाने से भी रोका जा रहा है। ज़मीं में दफ़्न मौत के सामान से बेकसूर ग्रामीणों की जान बचाने के लिए नक्सलियों ने नया सर्कुलर जारी किया हैं। दंतेवाड़ा जिले में आईईडी से ग्रामीण की मौत के बाद पहली बार इस तरह का नक्सली फ़रमान जारी हुआ हैं। नक्सलियों के द्वारा ग्रामीणों को हिदायत देकर कहा जा रहा हैं कि ऑपरेशन कगार ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सातवां कैंप खुला

*अबूझमाड़ के कच्चापाल में फोर्स का नया सातवा कैंप खुल चुका है। यह माना जा रहा है, नए कैम्प स्थापना से क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।*

### नक्सली बौखलाहट में ऐसी फरमान जारी कर रहे

*नक्सलियों के फरमान की जानकारी एकत्र की जा रही है। वर्ष 2024 में हुए भारी नुकसान के बाद नक्सली बौखलाहट में है और इस तरह का संदेश फैलाकर जनता में भ्रम फैला रहे हैं। बावजूद जनता नक्सलियों के बहकावे में नहीं आएगी। वह नक्सलवाद के खात्मे के लिए सरकार और फोर्स के साथ है।*

*सुंदरराज पी, आईजी बस्तर*

# ईडी का दावा, शराब घोटाले में कवासी के खिलाफ सबूत, आज दफ्तर तलब



पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री व विधायक कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा तथा सहयोगियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई के पांच दिन बाद ईडी ने बयान जारी किया है। उसने लखमा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी ने लखामा को अपने मंत्रित्वकाल में अपराध की आय (पीओसी) का मुख्य प्राप्तकर्ता बताया है। साथ ही घोटाले से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने का भी दावा किया है। ईडी ने पिछले महीने 28 दिसंबर को कवासी लखमा के रायपुर स्थित निवास के साथ ही उनके बेटे तथा सहयोगियों के सुकमा तथा धमतरी में सात अलग-अलग जगहों पर छापे की कार्रवाई की थी। ईडी के दावों के मुताबिक श्री लखमा आबकारी मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नकदी में ▶▶| शेष पेज 4 पर

- छापे की कार्रवाई के बाद ईडी ने बयान जारी कर दी जानकारी

### ऐसे होती थी शराब से कमाई

- ईडी ने बताया है कि शराब सिंडिकेट से जुड़े लोग किस तरह से शराब से अवैध कमाई करते थे। ईडी के अनुसार शराब के माध्यम से सिंडिकेट से जुड़े लोग इस तरह से अवैध कमाई करते थे।
- **भाग-ए कमीशन** - सीएसएमसीएल यानी शराब की खरीद और बिक्री के लिए राज्य निकाय द्वारा उनसे खरीदी गई शराब के प्रति 'केस' के लिए डिस्टिलर्स से रिश्वत ली जाती थी।
- **भाग-बी** - बेहिसाब "कच्ची ऑफ-द-बुक" देशी शराब की बिक्री हुई। इस मामले में सरकारी खजाने में एक भी रुपया नहीं पहुंचा और बिक्री की सारी रकम सिंडिकेट ने हड़प ली। अवैध शराब सरकारी दुकानों से ही बेची जाती थी।
- **पार्ट-सी** - शराब बनाने वालों से कार्टेल बनाने और बाजार में निश्चित हिस्सेदारी दिलाने के लिए रिश्वत ली जाती थी। एफएल-10 ए लाइसेंस धारकों से कमीशन लिया गया जिन्हें विदेशी शराब के क्षेत्र में कमाई के लिए लाया गया था। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### हजार करोड़ की धोखाधड़ी ईडी की छापेमारी



**कोलकाता।** ईडी ने तमिलनाडु में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में आठ स्थानों पर छापेमारी की। कोलकाता के पार्क स्ट्रीट, साल्ट लेक और बागुइहाटी इलाकों में पांच जगहों और विभिन्न जिलों में तीन अन्य स्थानों पर एक साथ शुरू की गई छापेमारी की है।

### गेस्ट हाउस में दम घुटने से तीन की मौत



**भदेरवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में स्थित एक 'गेस्ट हाउस' में तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। अधिकारियों ने यह जानकरी दी। अधिकारियों ने बताया कि होटल के कमरे में अंगीठी रखी मिली। संभवतः दम घुट जाने से तीनों की मौत हुई।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, चार की मौत




**हरिद्वार।** हरिद्वार जिले के बहादराबाद इलाके में एक कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे हरियाणा के चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान केहर सिंह (35), आदित्य (38), मनीष (36) और प्रकाश (40) के रूप में हुई है।

### अरमान मलिक ने आशना से रचाई शादी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक अरमान मलिक और उनकी प्रेमिका आशना श्रॉफ शादी के बंधन में बंध गए हैं। मलिक (29) और श्रॉफ ने एक निजी समारोह में शादी की और सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर बृहस्पतिवार को अपने प्रशंसकों को इसकी जानकारी दी। ववविवाहित जोड़े ने विवाह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, तू ही मेरा घर।

बस्तर प्रवास पर मुख्यमंत्री

## हरिभूमि कैलेंडर का सीएम साय ने किया विमोचन



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर प्रवास के दौरान 356 करोड़ 44 लाख रुपए की लागत के 288 विकास कार्यों की सौगात दी। इसी दौरान कंगोली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने दैनिक हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने हरिभूमि द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क वितरित किए जाने वाले इस बहुरंगी कैलेंडर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह केवल सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा, बल्कि घर के सदस्य के रूप में आगामी एक वर्ष तक उपयोगी होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कांकेर सांसद भोजराज नाग, मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, हरिभूमि के संभागीय ब्यूरो प्रमुख सुरेश रावल एवं बस्तर के मार्केटिंग हेड समीर सेन मौजूद थे।

एक कार्यक्रम में बोले केंद्रीय गृहमंत्री

## शाह बोले- कश्मीर का नाम हो सकता है कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'जेएंडके एंड लद्दाख थ्रो द एज' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कहा कि कश्मीर का नाम कश्यप के नाम से हो सकता है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का जिक्र, सिल्क रूट, हेमिष मठ से साबित होता है, कश्मीर में ही भारत के संस्कृति की नींव पड़ी थी। सूफी, बौद्ध और शैल मठ सबने कश्मीर में बहुत अच्छी तरीके से विकास किया। उन्होंने कहा कि कश्मीरी, डोगरी, बालटी और झंस्कारी भाषा को शासन की स्वीकृति दी गई। इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। पीएम का आग्रह था कि यूटी बनने के बाद कि कश्मीर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इतिहास लुटियन दिल्ली में बैठकर लिखा नहीं जाता

शाह ने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनके अज्ञान के कारण गलत थी। इतिहास लुटियन दिल्ली में बैठकर लिखा नहीं जाता, उसको जाकर समझना पड़ता है। शासकों को खुश करने के लिए इतिहास लिखने का वक्त जा चुका है। मैं भारत के इतिहासकारों से अपील करता हूं कि प्रमाण के आधार पर इतिहास को लिखें। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है. वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं से बने हैं।

भाजपा संगठन चुनाव

## भाजपा महामंत्री तावड़े को छत्तीसगढ़ का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भाजपा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए अधिकारियों की घोषणा की। छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े को सौंपी गई है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को गुजरात, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कर्नाटक, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को उत्तर प्रदेश, मनोहर लाल खट्टर को बिहार, धर्मेंद्र प्रधान को मप्र के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### किसे कहां की जिम्मेदारी

अंडमान और निकोबार-तमिलिसाई सुंदरराजन, आंध्र प्रदेश- पी.सी. मोहन, अरुणाचल प्रदेश-सर्बानंद सोनोवाल, असम-गजेन्द्र सिंह शेखावत, बिहार-मनोहर लाल खट्टर, चंडीगढ़- सरदार नरिंदर सिंह रैना, छत्तीसगढ़- विनोद तावड़े, दादरा-नगर हवेली एवं दमन और दीव-डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, गोवा - सुनील बंसल, गुजरात-भूपेन्द्र यादव, ▶▶| शेष पेज 4

## जांच के लिए गए डिप्टी रेंजर की वर्दी फाड़कर कुल्हाड़ी से मारने दौड़ाया, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

लकड़ी तस्करी की शिकायत पर जांच करने गए डिप्टी रेंजर के साथ तीन तस्करों ने मारपीट करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी, उसके बाद कुल्हाड़ी लेकर मारने दौड़ाया। उन्होंने किसी तरह जंगल में भागकर जान बचाई है। पुलिस ने एक हमलावर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो हमलावरों की तलाश की जा रही है।

कोटा थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, बिल्हा पिरैया निवासी देवी सिंह भारद्वाज वन विकास निगम में डिप्टी रेंजर हैं। उनकी पोस्टिंग कोटा सेमरिया सर्किल में है। 2 जनवरी की सुबह 9 बजे वे बीट गार्ड रामकिशन यादव, मजदूर जीवन सिंह, दशरथ लाल गंधर्व को ▶▶| शेष पेज 4 पर

छत्तीसगढ़ में सालभर में 8 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

# सोना-चांदी निवेश में सबसे खरा, पहली बार 20 फीसदी तक रिटर्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के मामले में खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी मे 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### सबसे ज्यादा रिटर्न

*सोने और चांदी में बीते साल सबसे ज्यादा रिटर्न मिला है। इनका ज्यादा रिटर्न और किसी में निवेश करने पर नहीं मिलता है। निवेशकों की पहली पसंद सोना ही है। इसकी कीमत लगातार बढ़ रही है।*

*- हरख मालू, सराफा कारोबारी*

### रोज 25 करोड़ का निवेश

अपने राज्य में सोने और चांदी का रोज का कारोबार 50 करोड़ का है। इसमें से आधा यानी 25 करोड़ का कारोबार निवेशकों का है। निवेशक जहां 20 करोड़ रुपए सोने में निवेश करते हैं, वहीं पांच करोड़ रोज का चांदी में निवेश किया जाता है। ऐसे में हर माह सात सौ करोड़ से ज्यादा का निवेश होता है। यह साल का आठ हजार करोड़ से ज्यादा होता है।

### जमीन से ज्यादा फायदेमंद

चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक निवेश में लगातार इजाफा हो रहा है। हर साल करीब 20 से 25 फीसदी निवेश बढ़ रहा है। निवेशक जमीन के स्थान पर सोने और चांदी में निवेश करना पसंद करते हैं। इसमें कोई पचास हजार या एक लाख भी निवेश कर सकता है, जबकि जमीन में इतना कम ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सोने-चांदी की पांच साल की एक जनवरी और 31 दिसंबर की कीमत

- 2020 में सोना 39150 से 51300 रुपए
- चांदी 46700 से 66500 रुपए
- 2021 में सोना 51400 से 49150 रुपए
- चांदी 66400 से 63700 रुपए
- 2022 में सोना 49500 से 54000 रुपए
- चांदी 63700 से 65600 रुपए
- 2023 में सोना 54000 से 62900
- चांदी 66500 से 74000
- 2024 में सोना 62900 से 78100 रुपए
- चांदी 74500 से 88200 रुपए






नागा साधुओं ने अस्त्र-शस्त्र चलाने का दिखाया करतब

# महाकुंभ के छावनी क्षेत्र में अटल अखाड़े का भव्य प्रवेश

प्रयागराज। प्रयागराज महाकुंभ का भव्य आयोजन 13 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस बीच एक जनवरी से मेला क्षेत्र में छावनी प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। 26 फरवरी तक चलने वाले इस महा-आयोजन में धूमधाम के साथ अखाड़े के साधु-संत मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। नए साल के पहले दिन श्री शंभु पंचायती अटल अखाड़ा की पेशवाई यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की और भगवान भोलेनाथ के जयकारे साथ साधु-संतो का भव्य स्वागत किया।







### अखाड़ों के छावनी नगर प्रवेश तिथि

1 जनवरी 2025 – श्री शंभु पंचायती अटल अखाड़ा
5 जनवरी 2025 – श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा
5 जनवरी 2025 – श्री शंभु पंच निर्मोही अनी अखाड़ा
6 जनवरी 2025 – श्री तपोनिधि आनंद अखाड़ा
10 जनवरी 2025 – श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन
11 जनवरी 2025 – श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल
12 जनवरी 2025 – श्री शंभु पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन

## खबर संक्षेप

### संजय ने मनोज, मालवीय को भेजा मानहानि का नोटिस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मनोज तिवारी और अमित मालवीय को मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस भेजने की वजह बीजेपी नेताओं द्वारा उनकी पत्नी पर लगाए गए आरोप थे। इन आरोपों में संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। दोनों नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी पत्नी का वोट उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से जुड़ा है।



### खालिस्तानी समर्थक सांसद अमृतपाल बनाएंगे नई पार्टी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थक और सांसद अमृतपाल सिंह नई राजनीतिक पार्टी बनाने जा रहे हैं। इसे लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह 14 जनवरी को घोषणा करेंगे। इस दौरान उनकी ओर से पंथ बचाओ, पंजाब बचाओ रैली का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनके पिता और करीबी लोग शामिल होंगे।



### भगदड़ मामला : तेलंगाना हैदराबाद पुलिस को नोटिस

**बेंगलुरु।** साउथ अभिनेता अल्लू अर्जुन से जुड़े संध्या थिएटर में मची भगदड़ के मामले में हर दिन कुछ नया देखने को मिल रहा है। मामले पर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक अलग ही मोड़ ला दिया है। खबरों की मानें तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने तेलंगाना के डीजीपी और हैदराबाद पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर उन्हें संध्या 70 मिमी थिएटर में भगदड़ मामले पर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट 4 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।



‘सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता मीडिया में फैला रहे हैं गलत धारणा’

# पंजाब सरकार पर बिफरा सुप्रीम कोर्ट कहा- आप चाहते हैं समझौता न हो

*सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मामले में पंजाब सरकार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता मीडिया में यह गलत धारणा फैला रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने की कोशिश की जा रही है*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उसके आदेश को यह नहीं समझा जाना चाहिए कि यह उनका अनशन तुड़वाने के इरादे से दिया गया है। बता दें, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर चल रहे किसान विरोध प्रदर्शन के तहत डल्लेवाल अनशन पर हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की खंडपीठ ने कहा कि डल्लेवाल को इस बात से चिंतित होने की जरूरत नहीं है कि अगर उन्हें चिकित्सा सहायता मिल जाए तो किसानों का विरोध कमजोर हो जाएगा। कोर्ट ने मीडिया रिपोर्टों और पंजाब सरकार की कार्रवाई या निष्क्रियता की भी आलोचना की, जिससे यह धारणा बनी कि डल्लेवाल को ऐसी चिकित्सा सहायता प्रदान करने का उपयोग चल रहे विरोध प्रदर्शनों को तोड़ने के लिए किया जा सकता है।




### अनशन तोड़ने के लिए नहीं है हमारा ‘निर्देश’

*सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आपके राज्य (पंजाब) के सरकारी अधिकारियों द्वारा मीडिया में जानबूझकर यह धारणा बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि कोर्ट उन पर (डल्लेवाल) अनशन तोड़ने के लिए दबाव डाल रहा है। हमारे निर्देश उनका अनशन तोड़ने के नहीं थे। हमने सिर्फ इतना कहा कि उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए और फिर उनका अनशन जारी रह सकता है। अस्पताल में भर्ती होने का मतलब यह नहीं है कि अनशन टूट गया है। हमारी चिंता उनके जीवन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाना है। एक किसान नेता के रूप में उनका जीवन अनमोल है। वह किसी भी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े नहीं हैं, वह केवल किसानों का मुद्दा उठा रहे हैं।*

### सरकार ने दी सफाई

पंजाब सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए महाधिवक्ता (एजी) गुरमिंदर सिंह ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि संबंधित हितधारकों के साथ एक समिति गठित की गई है और राज्य यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि डल्लेवाल को आवश्यक सहायता मिले। हालांकि, जस्टिस कांत ने राज्य से सवाल किया कि क्या उसने सही ढंग से यह संदेश दिया है कि वह किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए तैयार है। जज ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आपने कभी उनसे कहा है कि इस उद्देश्य के लिए ही एक समिति बनाई गई थी? हमें बातें कहने पर मजबूर न करें.. आपका रवैया यह है कि कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

### मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को

अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट से अनुरोध करते हुए कहा कि हमारे अधिकारी वहां मौजूद हैं। हमें कुछ उचित समय दीजिए। हम सकारात्मक स्थिति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। पीठ ने कहा कि हम सोमवार को मुख्य सचिव द्वारा अनुपालन का हलफनामा भी देखेंगे।

ममता ने लगाया बड़ा आरोप

# बीएसएफ करवा रही है बंगाल में घुसपैठ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) बांग्लादेश से आतंकवादियों और घुसपैठियों को बंगाल में प्रवेश कराने में मदद कर रहा है। इसके कारण राज्य में शांति और सुरक्षा की स्थिति बिगड़ रही है। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी कोलकाता में नबान्न सभागार में राज्य प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएसएफ, जो सीमा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है, वह इस्लामपुर, सीताई, और चोपड़ा जैसे क्षेत्रों से लोगों को भारत में घुसने की अनुमति दे रहा है। यदि केंद्र सरकार की संलिप्तता नहीं होती, तो यह स्थिति संभव नहीं थी। यह सब केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत हो रहा है। ममता ने कहा, “हम केंद्र सरकार को विरोध पत्र भेजेंगे। टीएमसी इसके खिलाफ प्रदर्शन भी करेगी।



### केजरीवाल ने उठाया सवाल

इस मामले पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी कूद पड़े हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर ममता के बयान को शेयर करते हुए लिखा, क्या केंद्र सरकार बांग्लादेश बॉर्डर से जानबूझकर घुसपैठ करवा रही है या बीजेपी सरकार बॉर्डर की सुरक्षा करने में नाकाम है?



### कांग्रेस का भी वार

कांग्रेस प्रवक्ता नासिर हुसैन ने कहा, गृहमंत्री अमित शाह क्या कर रहे हैं? प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा गृह मंत्रालय के अंडर आता है, आखिर बांग्लादेश से लोग कैसे आ रहे हैं?

### गिरिराज का तीखा पलटवार

*ममता के बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, यह हास्यास्पद है कि पश्चिम बंगाल सरकार पहले बांग्लादेशियों के लिए रेड कार्पेट बिछाती है और फिर अभिषेक बनर्जी बांग्लादेश के नाम पर राजनीति करते हैं। अभिषेक बनर्जी और ममता बनर्जी को बंगाल और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी बन गया है।*



बिहार की सियासत में आया उफान

# ‘नीतीश के लिए दरवाजा खुला है’ लालू ने फिर दिया ऑफर

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के इंडिया ब्लॉक में वापस आने के प्रस्ताव पर कुछ अलग अंदाज में जवाब दिया। पत्रकारों द्वारा लालू के नए प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर जेडीयू प्रमुख ने कहा, क्या बोल रहे हैं? बता दें कि नीतीश कुमार ने पिछले एक दशक में दो बार इंडिया ब्लॉक के घटक आरजेडी के साथ गठबंधन किया है। हालांकि, लालू यादव के बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्थानीय समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में अपने पिता द्वारा की गई टिप्पणियों को कमतर आंकते हुए दावा किया कि आरजेडी सुप्रीमो ने केवल मीडिया की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया था। लालू ने कहा था, हमारे दरवाजे (नीतीश के लिए) खुले हैं। उन्हें भी अपने दरवाजे खोलने चाहिए। इससे दोनों तरफ के लोगों की आवाजाही आसान हो जाएगी। यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस रुख की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने जेडी(यू) सुप्रीमो को एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में एनडीए के चेहरे के तौर पर पेश करने की बात कही है।



### मुस्करा कर चल दिए नीतीश

राजभवन में पत्रकारों ने नीतीश कुमार से सवाल पूछे, जहां वे नए राज्यपाल के तौर पर आरिफ मोहम्मद खान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। आरिफ खान और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (दोनों ओर भाजपा) के साथ खड़े सीएम नीतीश कुमार से से जब लालू यादव की पेशकश पर उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने हाथ जोड़कर मुस्कुरा दिया। आगे दबाव डालने पर उन्होंने पूछा, आप क्या कह रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या राज्य सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी, तो आरिफ खान ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, इस तरह के सवाल पूछने का यह सही समय नहीं है।

# दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नागपुर की घटना, मोबाइल चोर समझकर चार लोगों ने मार डाला**

एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर रेलवे स्टेशन पर दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन में हत्या का गंभीर मामला सामने आया है। ट्रेन की जनरल बोगी में सफर कर रहे एक युवक को मोबाइल चोर समझकर चार लोगों ने बुरी तरह पीट दिया, जिसमें युवक की मौत हो गई। इस मामले में जीआरपी ने चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिण एक्सप्रेस (12721) हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रही थी, जब ट्रेन नागपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो एक जनरल बोगी में हंगामा हुआ. ट्रेन में सफर कर रहे लोगों ने एक युवक को चोर समझकर उसकी पिटाई कर दी, जिसमें उसकी मौत हो गई। यह घटना गुरुवार सुबह 9.15 बजे की है। मृतक यात्री का नाम शशांक रामसिंह राज बताया जा रहा है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



### शक बनी हत्या की वजह

ये पूरा मामला मोबाइल चोरी को लेकर हुआ। ट्रेन की जनरल बोगी में मौजूद चार युवकों ने शक के आधार पर 30 साल के शशांक रामसिंह राज की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसकी . पर ही मौत हो गई।

### ट्रेन के नागपुर से गुजरते समय हुआ था हंगामा

जब ट्रेन नागपुर से गुजर रही थी तभी ट्रेन में हंगामा हुआ और हंगामा इतना बढ़ा कि चार लोगों ने शशांक रामसिंह राज नाम के युवक को हाथ और लात से मरना शुरू कर दिया। शशांक को इतनी बुरी तरह मारा कि उसकी ट्रेन के अंदर की मौत हो गई। नागपुर रेलवे पुलिस ने इस मामले में 4 युवकों को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कर रही है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# बांग्लादेश में मानवाधिकार समूहों ने भी माना हिंदुओं पर हो रहा है अत्याचार

एजेंसी ▶▶| ढाका

पड़ोसी देश बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों में हिंदुओं और अल्पसंख्यक समूहों पर हमले में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। बांग्लादेश के कुछ मानवाधिकार समूहों ने बुधवार को इस बारे में पुष्टि करते हुए कहा कि पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद से मॉब किलिंग में वृद्धि हुई है। AFP की खबर के अनुसार, बांग्लादेश के एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन, ऐन ओ सलीश केंद्र (एएसके) ने कहा कि 2024 में भीड़ द्वारा कम से कम 128 लोग मारे गए। इनमें से 96 मॉब किलिंग्स अगस्त के बाद हुईं, जिसका मतलब है कि लगभग तीन-चौथाई हत्याएं हसीना के देश छोड़कर भागने के बाद हुईं। एएसके के वरिष्ठ सदस्य अबू अहमद फैजुल कबीर ने कहा, ‘लिंचिंग और भीड़ द्वारा मारपीट की घटनाएं समाज में बढ़ती असहिष्णुता और कट्टरपंथ को दर्शाती हैं।’ दो अन्य मानवाधिकार संगठनों ने भी भीड़ द्वारा हत्या की जो संख्या बताई वह पिछले पांच सालों के औसत से लगभग तीन गुना ज्यादा है। मानवाधिकार कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट की वकील सारा हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश को हसीना के कार्यकाल में दमन से घायल हुए लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक आयोग की तत्काल आवश्यकता है। हुसैन ने यह भी कहा कि अंतरिम सरकार को मानवाधिकार समूहों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच करनी चाहिए।



- हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बिगड़े हैं हालात

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
- लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
- जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
- ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
- गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
शुक्रवार, 3 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 168
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.4
न्यून. 12.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### ऐसा रहा राज्यों का आंकड़ा

- उत्तरप्रदेश - 600 करोड़ रुपए
- तेलंगाना - 402 करोड़ रुपए
- दिल्ली एनसीआर - 400 करोड़ रुपए
- कर्नाटक - 308 करोड़ रुपए
- केरल - 108 करोड़ रुपए
- छत्तीसगढ़ - 44.60 करोड़ रुपए
- झारखंड - 27.52 करोड़ रुपए
- उत्तराखंड - 14.27 करोड़ रुपए

*आठ राज्यों में छठे नंबर पर छग, उत्तरप्रदेश कर्नाटक टॉप पर*

# नए साल पर जाम छलकाने में झारखंड, उत्तराखंड से आगे निकला छत्तीसगढ़, एक दिन में पी गए 45 करोड़ की शराब

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नए साल के उत्सव में मदिरापान में छत्तीसगढ़ भी पीछे नहीं रहा। बड़े राज्यों में तो शराब की खपत का आकड़ा 100 करोड़ से ऊपर है, लेकिन छोटे राज्यों में उत्तराखंड और झारखंड से छत्तीसगढ़ आगे रहा। आठ राज्यों के आंकड़े देखे तो पता चलता है कि छत्तीसगढ़ छठवें नंबर पर रहा। यहां एक दिन के जलसे में शौकीनों ने तकरीबन 45 करोड़ का जाम छलकाया।

जानकारों के मुताबिक छग छठे नंबर पर जरूर है, फिर भी आबादी के लिहाज से राज्य में शराब की खपत ज्यादा है। इसकी सबसे ज्यादा खपत शहरी क्षेत्र में हुई है। ग्रामीण तथा कस्बाई क्षेत्र में शराब का सेवन कम किया गया है। ग्रामीण तथा कस्बाई क्षेत्र में अंग्रेजी से ज्यादा देशी शराब का सेवन किया गया। आंकड़े बताते हैं, देश के टॉप आठ राज्यों में छत्तीसगढ़ का स्थान छठवें नंबर पर रहा। नए साल में शराब बिक्री के मामले में उत्तरप्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक जैसे राज्य टॉप थ्री में रहे। इन तीनों राज्यों में शराब बिक्री का आंकड़ा तीन सौ करोड़ से छह सौ करोड़ रुपए रहा है। शराब पीने के मामले में केरल छत्तीसगढ़ से आगे रहा है। केरल में नए साल के अवसर पर पियक्कड़ 108 करोड़ रुपए की शराब गटक गए।



### 50 प्रतिशत खपत तीन जिलों में

शराब बिक्री के मामले में रायपुर के अलावा दो और जिले टॉप पर रहे। रायपुर जिले में 31 दिसंबर को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब की खपत हुई है। रायपुर के बाद बिलासपुर और दुर्ग जिले का नाम आता है। शराब से एक दिन में जितनी कमाई हुई है, उसमें 50 प्रतिशत हिस्सा रायपुर, दुर्ग तथा बिलासपुर जिले का है। यही तीन जिले सबसे आगे रहे।

### रायपुर का योगदान 20 प्रतिशत से ज्यादा

आबकारी विभाग के अफसरों के मुताबिक रायपुर जिला शराब बिक्री के मामले में अन्य जिलों की तुलना में हमेशा से आगे रहा है। शराब से जितने राजस्व की प्राप्ति होती है, उसमें रायपुर जिला का 20 से 25 प्रतिशत राजस्व शामिल होता है। आंकड़ों के अनुसार 30 दिसंबर को प्रदेश में जो शराब की बिक्री हुई है, उसमें अकेले रायपुर जिले का हिस्सा 22 प्रतिशत है। शराब पीने के मामले में रायपुर के लोग उत्तरप्रदेश नोएडा को टक्कर दे रहे हैं। नोएडा के लोग 31 दिसंबर को 13 करोड़ रुपए की शराब गटक गए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम पर लाइव आकर की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ थाना अंतर्गत मिस्दा गांव में युवती की आत्महत्या की लाइव वीडियो सामने आया है। बताया जाता है कि



अंकुर नाथ घर में अकेली थी। इस दौरान इंस्टाग्राम पर कुछ पल के लिए लाइव आई। पंखे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस दौरान कुछ लोग लाइव जुड़े थे, उन्होंने घरवालों को जानकारी दी, जिसके बाद लोग वहां पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देरी हो चुकी थी।

### दो दोस्तों का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**चांपा-कोसमंदा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कोसमंदा रेलवे ट्रैक पर युवक और किशोर का रेलवे ट्रैक में कई टुकड़ों में शव मिला है। दोनों



दोस्त थे। मृतकों की पहचान भानु प्रताप साहू उम्र 22 वर्ष निवासी कोसमंदा, अनुराग 17 वर्ष है, जो लछनपुर केराझरिया के रूप में की गई है। रेलवे ट्रैक के पास बाइक मिली है। आत्महत्या या फिर हत्या कर फेका रेलवे ट्रैक पर कारण अज्ञात है।

### प्रश्नपत्रों के देरी से डीयू में परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग से प्रश्नपत्रों के देर से पहुंचने के कारण विज्ञान स्नातक कार्यक्रम के परीक्षा स्थगित कर दी गई। दूसरे विषय की परीक्षा में कई घंटे की देरी हुई। इस व्यवधान के चलते रामजस, जाकिर हुसैन, देशबंधु और दीनदयाल उपाध्याय समेत कई महाविद्यालयों में करीब 170 विद्यार्थी प्रभावित हुए। 'इलेक्ट्रोनिक्स इंस्ट्रमेंटेशन' और 'मैथेमेटिकल फिजिक्स' शामिल हैं।

### रील बनाते झील में नौका पलटी, किशोर की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में एक झील में नौका पलटने से एक किशोर की मौत हो गई। नौका में सात किशोर सवार थे और वे झील में रील बना रहे थे। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतिराम पुरवा निवासी सात किशोर पास की एक झील में नौका विहार कर रहे थे। मोबाइल से रील बना रहे थे, तभी नाव पलट गई। सभी पानी में गिर गए।

### बांग्ला फिल्म निर्देशक अरुण रॉय का निधन

**कोलकाता।** बांग्ला फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक अरुण रॉय का निधन हो गया। उन्होंने यहां एक सरकारी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह



56 वर्ष के थे। पिछले करीब डेढ़ साल से कैंसर से जूझ रहे रॉय को फेफड़ों में संक्रमण के कारण पिछले महीने आर जी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत बिगड़ गई थी।

## विशेषज्ञ समिति की सभी सिफारिशों को लागू करेगी केंद्र सरकार

# सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा नीट-यूजी परीक्षा का बदलेगा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह पिछले साल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के आयोजन में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा के बाद परीक्षा सुधारों पर अपने सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझाए गए सभी सुधारात्मक उपायों को लागू करेगा। शीर्ष अदालत ने पिछले साल दो अगस्त को विवादों से घिरे नीट-यूजी 2024 को रद्द करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वर्तमान में रिकॉर्ड में ऐसी कोई पर्याप्त सामग्री नहीं है जो परीक्षा की शुचिता से समझौता करने वाले प्रणालीगत लीक या कदाचार का संकेत दे। शीर्ष अदालत ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति के दायरे का विस्तार किया जो एनटीए की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी और नीट-यूजी को पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त बनाने के वास्ते संभावित सुधारों की सिफारिश करेगी। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि केंद्र द्वारा नियुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है। सरकार सभी सिफारिशों को ▶▶|शेष पेज 4 पर



*नीट यूजी परीक्षा का पैटर्न अब बदल जाएगा। केंद्र सरकार परीक्षा में सुधार के लिए सात सदस्यीय विशेषज्ञ पैनल द्वारा सुझाए गए सभी उपायों को लागू करेगी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में ऐसा हलफनामा दिया है। पैनल के सुझाव के अनुसार नीट यूजी परीक्षा हाइब्रिड मोड और दो फेज में होने की बात कही गई है।*

### समिति की सिफारिशें?

- परीक्षा का आयोजन हाइब्रिड और ऑनलाइन मोड में किया जाना चाहिए
- संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तरह पैनल ने नीट यूजी परीक्षा को भी दो चरणों में कराए जाएं
- जहां पूर्ण ऑनलाइन परीक्षा चुनौतीपूर्ण हो वहां पर एग्जाम हाइब्रिड मोड की आयोजित किए जाएं।

### कोर्ट ने दिए ऐसे निर्देश

पीठ ने कहा कि समिति के कार्यक्षेत्र के दायरे में केंद्र सरकार और एनटीए द्वारा सौंपे गए कार्यों के अलावा, परीक्षा सुरक्षा एवं प्रशासन, डेटा सुरक्षा एवं तकनीकी संवर्द्धन को भी शामिल किया जाए। पीठ ने कहा है कि समिति की जिम्मेदारियों में नीति तैयार करने और हितधारकों की भागीदारी, सहयोग एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने और एनटीए कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए सिफारिशें भी शामिल होंगी।

### हजारीबाग में परीक्षा का जिक्र

विशेषज्ञ समिति के दायरे का विस्तार करते हुए शीर्ष अदालत ने झारखंड के हजारीबाग में एक परीक्षा केंद्र में सुरक्षा चूक का जिक्र किया था, जहां स्ट्रांगरूम का पिछला दरवाजा खोल दिया गया था और अनधिकृत लोगों को प्रश्नपत्रों तक पहुंचने की अनुमति दी गई थी। न्यायालय ने ई-रिक्शा द्वारा प्रश्नपत्रों को पहुंचाने तथा उम्मीदवारों के बीच प्रश्नपत्रों के गलत सेट के वितरण सहित एनटीए की कई खामियों को चिह्नित किया था। राधाकृष्णन के अलावा, विशेषज्ञ समिति के अन्य सदस्य रणदीप गुलेरिया, बी. जे. राव, राममूर्ति के., पंकज बंसल, आदित्य मित्तल और गोविंद जायसवाल हैं।

### 23 लाख ने दी थी नीट यूजी

वर्ष 2024 में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 23 लाख से अधिक छात्रों ने नीट-यूजी परीक्षा दी थी। पिछले साल नवंबर में शीर्ष अदालत ने दो अगस्त के फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया था और नए सिरे से नीट-यूजी 2024 परीक्षा की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने रद्द नहीं की थी परीक्षा

नीट यूजी 2024 पेपर लीक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कई याचिकाएं दायर की गई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 2 अगस्त को परीक्षा को रद्द करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था पेपर लीक होने के पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। ऐसे में एग्जाम को रद्द नहीं किया जा सकता है। कोर्ट के आदेश पर नीट यूजी का रिवाइज्ड रिजल्ट एनटीए ने जारी किया था।

### 1991 के पूजा स्थल कानून पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 1991 के पूजा स्थल कानून को लागू करने के अनुरोध वाली एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर विचार करने को लेकर सहमति जताई। वर्ष 1991 के पूजा स्थल कानून में किसी स्थान के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने की बात कही गई है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने आदेश दिया कि ओवैसी की नयी याचिका को इस मामले में लंबित मामलों के साथ संलग्न किया जाए। पीठ ने कहा कि ओवैसी की याचिका के साथ सभी मामलों में 17 फरवरी को सुनवाई की जाएगी।

## 17 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन के लिए डीपीसी सीएम के अनुमोदन के बाद मिलेगी पदोन्नति



रामगोपाल गर्ग



दीपक झा



संतोष कुमार सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के प्रमोशन के लिए 31 दिसंबर को हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक के बाद अब 17 अधिकारियों को जल्द प्रमोशन मिलने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार डीपीसी की बैठक के बाद सरकार के अनुमोदन के लिए मुख्यमंत्री के पास फाइल भेज दी गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही प्रमोशन का आदेश जारी किया जाएगा। जिन अधिकारियों का प्रमोशन संभावित है, उनमें दो अधिकारी डीआईजी से आईजी, सात एसएसपी से डीआईजी और आठ अधिकारी एसपी से एसएसपी पद के लिए पदोन्नत होंगे। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ये अधिकारी बनेंगे आईजी

पुलिस महानिरीक्षक पद पर प्रमोशन पाने वाले संभावित अधिकारियों की बात करें तो दुर्ग रेंज के प्रभारी आईजी रामगोपाल गर्ग और राजनांदगांव रेंज के प्रभारी आईजी दीपक झा के नाम हैं। ये दोनों अधिकारी फिलहाल प्रभारी के रूप में कार्य करने वाले डीआईजी स्तर के अधिकारी हैं, प्रमोशन के बाद ये दोनों पूर्ण कालिक आईजी बन जाएंगे।

### इन अफसरों को मिलेगा डीआईजी रैंक

राज्य में एसएसपी के रूप में सेवाएं दे रहे 2011 बैच के आईपीएस अधिकारियों में सात अधिकारियों का प्रमोशन संभावित है, ये अधिकारी एसएसपी से डीआईजी के रूप में पदोन्नत होंगे। पूर्व में ये अधिकारी सलेक्शन ग्रेड में शामिल हैं। इनमें संतोष कुमार सिंह, इंदिरा कल्याण एलिसेला, गोवर्धन सिंह ठाकुर, तिलक राम कोशिमा, प्रशांत कुमार ठाकुर, अजातशत्रु बहादुर सिंह और लाल उमेद सिंह शामिल हैं। लाल उमेद सिंह अभी रायपुर के एसएसपी हैं, हाल ही में उन्हें यहां पदस्थ किया गया है। इंदिरा कल्याण एलिसेला कांकेर और प्रशांत ठाकुर सूरजपुर के एसएसपी हैं।

## कोर्ट कमिश्नर ने सील बंद लिफाफे में दाखिल की 45 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट

**19** और 24 नवंबर को मस्जिद का सर्वे किया गया

**1200** फोटो-वीडियो भी कोर्ट में जमा



एजेंसी ▶▶| संभल

चंदौसी कोर्ट में कोर्ट कमिश्नर रमेश राघव की तरफ से संभल के शाही मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को दाखिल की गई। गुरुवार को राघव ने करीब 45 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है। 4.5 घंटे की वीडियोग्राफी और 1200 से अधिक फोटो भी अदालत को दिए गए हैं। सुरक्षा कारणों की वजह से सर्वे रिपोर्ट गुपचुप तरीके से सौंपी गई. रिपोर्ट को सिविल जज आदित्य सिंह की कोर्ट में दाखिल किया गया। सूत्रों के मुताबिक सर्वे रिपोर्ट में करीब साढ़े चार घंटे की वीडियोग्राफी सर्वे के दौरान की गई। 1200 के करीब फोटो लिए गए।

### सर्वे में क्या मिला

सर्वे रिपोर्ट की जो डिटेल सामने आई है, उसमें ये भी कहा जा रहा है कि शाही जामा मस्जिद के पूर्वी और मेन गेट के दो स्तंभों पर बनी आकृती को द्वारपाल शैली का बताया जा रहा है। वहीं मस्जिद के मेन इमारत के दो आलो पर घंटी के निशान के भी मिलने की बात कही जा रही है। सर्वे में बरगद के पेड़ में कालिख लगे होने की भी बात भी सामने आई है। ऐसे में ये दावा किया जा रहा है कि उन पेड़ के नीचे दिए जलाने से ये कालिख हुई होगी।

### कोर्ट कमिश्नर ने कही यह बात

कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने बताया, शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने का दावा पेश करने वाली याचिका सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में 19 नवंबर को दाखिल की गई थी। इसके बाद उसी दिन शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था लेकिन सर्वे पूरा न होने के कारण कोर्ट कमिश्नर 24 नवंबर को फिर से शाही जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए पहुंचे थे। उनके साथ डीएम और एसपी भी मौजूद थे, लेकिन इस दौरान हुई हिंसा में लगभग चार लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट 9 दिसंबर को न्यायालय में पेश की जानी थी लेकिन कोर्ट कमिश्नर ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर न्यायालय से 15 दिन का समय मांगा था। आज रिपोर्ट न्यायालय में पेश कर दी है।

## रायपुर के कारोबारी गोयनका से 48 घंटे से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पिछले दिनों आयकर विभाग ने रायपुर के खनन कारोबारी महेंद्र गोयनका को भी समन जारी कर बयान के लिए तलब किया था। गोयनका राजेश शर्मा से सीधा कनेक्शन निकला है। पिछले दिनों मीडिया के जरिए भी गोयनका ने शर्मा से अपने संबंधों को स्वीकार भी किया था। गोयनका पर आरोप है कि भोपाल में सेवनिया गौड़ इलाके में खरीदी गई जमीन के मामले में उनके द्वारा 50 करोड़ ▶▶|शेष पेज 4 पर



- शेल कंपनियों से बड़ी टैक्स चोरी

### लाल रंग की डायरी में बड़े-बड़ों के नाम

लोकायुक्त के छापे में सौरभ शर्मा के ठिकाने से लाल रंग की जो डायरी बरामद हुई है, उसमें सरकार के पूर्व मंत्रियों सहित कई और बड़े लोगों के नाम भी हैं। सबसे पहले पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव इसको लेकर अपनी सफाई दे चुके है कि मुझे डायरी की जानकारी नहीं है लेकिन जहां तक विश्वास है कि मेरा नाम इस डायरी में नही होगा। इस बात की उम्मीद कम है कि डायरी के सभी नाम बाहर आ पाएंगे।

*सेंसेक्स में उछाल 1436 अंक चढ़ा निफ्टी भी उछली*

## बाजार झूमा, निवेशकों ने कमाए 8.52 लाख करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी जारी रही। दो दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 8.52 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को ही करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,943.71 अंक पर बंद हुआ। वित्तीय, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,436.30 अंक ▶▶|शेष पेज 4 पर



### घरेलू बाजार में गतिविधियां तेज

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गतिविधियां तेज रहीं। इसका कारण अगले सप्ताह से कंपनियों का वित्तीय परिणाम आना है, जिसको लेकर निवेशक आशावादी हैं। तेजी चौतरफा रही। ज्यादातर क्षेत्रों के सूचकांक लाभ में रहे। वाहन क्षेत्र इसमें अगुवा रहा। इसका कारण दिसंबर महीने में बिक्री का मजबूत होना है। बैंक और आईटी शेयरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा।

### विदेशी बाजारों का ऐसा हाल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नए साल के मौके पर अवकाश के कारण बंद रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 1,782.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.09 प्रतिशत चढ़कर 75.47 डॉलर प्रति बैरल रहा।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

# साइबर अपराधियों के निशाने पर बेरोजगार, गृहणी और छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एक नया साइबर घोटाला सामने आया है, जिसमें बेरोजगार युवाओं, गृहणियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाया जाता है और वे प्रतिदिन बड़ी रकम गंवा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, इसे पिग बुचरिंग स्कैम या निवेश घोटाले के रूप में भी जाना जाता है।

साइबर अपराधी इन अपराधों को शुरू करने के लिए गूगल सेवा मंच का भी उपयोग कर रहे हैं। गूगल विज्ञापन मंच सीमा पार से लक्षित विज्ञापन के लिए एक आसान सुविधा प्रदान करता है।

### किसके खिलाफ कितनी शिकायत

| | |
|---|---|
| व्हाट्सएप | 14,746 |
| टेलीग्राम | 7,651 |
| इंस्टाग्राम | 7,152 |
| फेसबुक | 7,051 |
| यूट्यूब | 1,135 |




**फेसबुक से प्रलोभनः** रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराधी भारत में अवैध रूप से ऋण देने वाले ऐप शुरू करने के लिए प्रायोजित फेसबुक का उपयोग कर रहे हैं। इसमें कहा गया, ऐसे लिंक की सक्रिय रूप से पहचान की जाती है और आवश्यक कार्रवाई के लिए उन्हें फेसबुक तथा फेसबुक पेजों के साथ साझा किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्हाट्सऐप भारत में साइबर अपराधियों द्वारा संभवतः दुरुपयोग किया जाने वाला सबसे बड़ा सोशल मीडिया मंच बना हुआ है।

### क्या है बचने के उपाय

**अजनबियों पर भरोसा न करें:** ऑनलाइन किसी भी अनजान व्यक्ति के मैसेज या ऑफर को नजरअंदाज करें

**ध्यान से जांच करें:** अगर कोई आपको निवेश करने के लिए कहे, तो पहले उसकी जानकारी अच्छे से जांचें

**सावधान रहें:** यदि कोई ऑफर असली से ज्यादा आकर्षक लगे, तो वह अक्सर धोखा होता है

**शिकायत करें:** किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। ऑनलाइन सतर्क रहकर ही आप खुद को इन धोखाधड़ी से बचा सकते हैं

## चिंतन

# साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

वित्तीय डिजिटल दुनिया असुरक्षित होती जा रही है। डिजिटल क्षेत्र का जितना तेजी से विस्तार हो रहा है, उसी तेजी से खतरा भी बढ़ रहा है। देश में साइबर ठगी व्यापक समस्या बनकर उभर रही है। हर पल कोई न कोई साइबर ठगी का शिकार हो रहा है। सबसे अधिक बेरोजगार युवाओं, गृहणियों और छात्रों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी की जा रही है। डिजिटल सेक्टर अपने विकास यात्रा की शिशु अवस्था में ही है, लेकिन इस अवस्था में ही इतने खतरे सामने आ रहे हैं कि लोग इससे मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर ठग बुचरिंग स्कैम या निवेश घपले के जरिये लोगों के साथ मनी फ्रॉड कर रहे हैं, इसमें लोग प्रतिदिन करोड़ों रकम गंवा रहे हैं। जो लोग अधिक से अधिक ऑनलाइन पेमेंट करते हैं, असुरक्षित लिंक या वेबसाइट से ऑनलाइन खरीदारी करते हैं, ऐसे लोग साइबर ठग के रडार पर होते हैं। हाल में डिजिटल अरेस्ट के रूप में अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पीड़ित करोड़ों की रकम गंवा चुके हैं। एक समय था जब हैकिंग को बड़ा अपराध माना जाता था, पर अब बुलिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर, डीडीओएस, पहचान की चोरी भी कम महत्व के साइबर अपराध हो चुके हैं। इस वक्त क्रिप्टोकरेंसी, स्टॉक मार्केट व कंपनियों में निवेश के नाम पर, बड़े मुनाफे का लालच देकर व डिजिटल अरेस्ट आदि अनेक तरीके से साइबर ठगी की जा रही है। गृह मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से मार्च 2024 के बीच भारत में 14,570 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार देश में इस दौरान साइबर अपराध की 2.16 करोड़ शिकायतें सामने आई हैं। स्टेटिस्टा का अनुमान है कि वर्ष 2023-24 से वर्ष 2028 तक साइबर अपराध की अनुमानित लागत 5.7 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर वर्ष 2028 तक 13.82 ट्रिलियन यूएस डॉलर हो जाएगी। यह पांच वर्ष में 69.94 प्रतिशत की वृद्धि है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराध की शिकायतों की संख्या 2021 में 136,604 से बढ़कर 2022 में 513,334 और 2023 में 1,129,519 हो गई है। 2024 में मार्च तक 381,854 शिकायतें दर्ज की गईं। साइबर जालसाज अपराध शुरू करने के लिए गूगल सेवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। गूगल विज्ञापन प्लेटफॉर्म सीमा पार से टारगेट विज्ञापन के लिए सुविधाजनक सुविधा प्रदान करता है। आज के दौर में 'पिग बुचरिंग स्कैम' या 'इन्वेस्टमेंट स्कैम' एक ग्लोबल घटना के रूप में उभरा है। इसमें बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और यहां तक कि साइबर स्लेवरी भी शामिल है। साइबर अपराधी भारत में अवैध रूप से ऋण देने वाले ऐप शुरू करने के लिए प्रायोजित फेसबुक का उपयोग कर रहे हैं। व्हाट्सऐप भारत में साइबर अपराधियों द्वारा दुरुपयोग किया जाने वाला सबसे बड़ा सोशल मीडिया मंच बना हुआ है। माना जाता है कि 2016 में चीन में शुरू हुआ 'पिग बुचरिंग स्कैम' भोले-भाले व्यक्तियों को निशाना बनाता है, जिनका साइबर अपराधी समय के साथ भरोसा जीतते हैं और अंततः उन्हें क्रिप्टोकरेंसी या किसी अन्य आकर्षक योजना में निवेश करने के लिए राजी कर लेते हैं और फिर उनकी रकम चोरी कर लेते हैं। इस खतरे पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने तत्काल कार्रवाई के लिए खतरे की खुफिया जानकारी साझा करने के वास्ते गूगल के साथ साझेदारी की है। आज साइबर सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।



हादसे
विकेश कुमार बडोला

# विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

**सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं।**

गत रविवार को दक्षिण कोरिया में एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमानकर्मियों सहित कुल 181 लोग इस पर सवार थे। मुआन विमान-स्थल पर उतरते हुए इसमें आग लगी और देखते ही देखते भू-बल व अग्नि के कारण 179 लोगों की दुःखद मृत्यु हो गई। इनमें से 85 स्त्रियों और 84 पुरुषों की पहचान कर ली गई है, किंतु 10 मृतक ऐसे हैं जिनकी तात्कालिक लैंगिक पहचान नहीं हो सकी थी। घटना में केवल दो बच्चे जीवित बच सके हैं। स्थानीय वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक चलचित्र में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जेजु एअर नामक विमान विमान-स्थल के मार्ग पर फिसला और एक कंक्रीट दीवला से जा टकराया। यह चलचित्र प्रथम चलचित्र था। अन्य चलचित्रों में विमान को टकराकर टूटने के बाद जलते हुए और काला धुंआ छोड़ते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है। अग्निशमन विभाग के प्रमुख ने पुष्टि की है कि विमान पूर्ण रूप से नष्ट हो गया। दक्षिण कोरियायी देश में हुई कुल विमान दुर्घटनाओं में से यह एक बड़ी दुर्घटना है। कोरिया के परिवहन मंत्रालय के अनुसार वायुयान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 संरूप धारी जेट था, जो बैंकाक से लौट रहा था। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों से घटना के स्पष्ट कारणों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि यान पक्षी या पक्षियों से टकराया हो, भूमार्ग पर उतरने की समयावधि में गति नियंत्रक उपकरणों में से कोई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया हो, भूमार्ग पर कोई अनापेक्षित अवरोधक पड़ा हो, पुराना होने के कारण विमान का कोई पेच या पुर्जा हिलडुल गया हो अथवा चालक व चालकों से कोई भूल या चूक हो गई हो। जो भी हुआ हो, किंतु उसका परिणाम अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक और भयभीत करने वाला है। सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं। वास्तव में मनुष्य की एक शारीरिक-मानसिक सीमा है, आधुनिकता के समर्थक मनुष्यगण इस सत्य को स्वीकार ही नहीं करना चाहते। इसीलिए आधुनिक प्रगति के समर्थक लोग दुनिया में रहकर हर वह यंत्र, रसायन और उन्नत व्यवस्था बना-बसा देना चाहते हैं, जो एक क्षण के लिए तो आकर्षित करती है, किंतु दीर्घावधि में उन्हीं लोगों का राक्षसी दोहन करने लगती है, जिनके बारे में सोच-विचार कर इनकी उत्पत्ति हुई होती है। एक सीमा तक पूरा जीवित संसार, कोरियाई शासन-प्रशासन और लोग इतना भर आश्वस्त हो सकते हैं कि दुर्घटना का सजीव प्रसारण उनके पास है, और वे दुर्घटना के आघात से ठहराव मिलने के बाद, उसके आधार पर स्पष्ट देख सकते हैं कि उनके परिजन विमान दुर्घटना में मारे गए हैं और परिणाम में उनके मृत शरीर



अंतिम संस्कार हेतु उनके पास हैं, किंतु इसके विपरीत कल्पना करें उन विमान या यान दुर्घटनाओं की, जिनमें न तो विमान या यान के अंश और न ही इनके साथ अदृश्य हुए यात्रियों का ही कहीं, गहन खोज के बाद भी, मृत भी होने का कोई साक्ष्य मिल पाया है। आज तक ऐसे विमान और इनके यात्रियों का कुछ पता नहीं चल सका है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए। इक्कीसवीं सदी में भी विमान दुर्घनाओं की आवृत्ति कम नहीं हुई। 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस घटना के बारे में ये प्रामाणिक तथ्य है कि यह विमान आस्ट्रेलिया के पश्चिम में स्थित हिंद महासागर के ऊपर से गायब हो गया था। हालांकि घटना के बहुत दिनों बाद विमान के कुछ अवशेष अवश्य प्राप्त हुए थे, लेकिन विमान अब भी अदृश्य ही है। इसके बाद 2 अप्रैल 2022 को फ्रांस से उड़ा एक विमान अत्यधिक घने बादलों में गायब हो गया था। जहां तक दो बड़ी विमान दुर्घटनाएं हैं उनमें मलेशियाई बोइंग और गत रविवार को दक्षिण कोरिया के यात्री विमान के साथ हुईं घटनाएं सबसे बड़ी और भयावह हैं। इनमें क्रमशः 239 और 179 लोगों ने अपने प्राण गंवाए। जब दक्षिण कोरिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब ही कनाडा का एक विमान भी अनियंत्रित हुआ था। धनपतियों के स्वामित्व वाले अनेक निजी विमान भी यहां-वहां समुद्र के ऊपर अथवा किसी दुर्गम पहाड़ या सघन वनों के ऊपर आकाश में विचित्र परिस्थितियों में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। वायु सेना के कई विमान भी व्योम में रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। समुद्र की सीमा तक आकाश में समुद्र से ऊपर एक निश्चित दूरी पर उड़ने वाले अनेक विमान अत्यंत रहस्यमयी परिस्थितियों में अदृश्य हो चुके हैं। आधुनिक एवं नवोन्नत प्रौद्योगिकीय उपकरणों के साथ वर्षों तक इन्हें ढूंढने के अनेक अभियान भी चलाए गए। अनेक देशों ने पारस्परिक खोज अभियान भी चलाए, पर अंततः सब विफल रहे। इस तरह आकाश की वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमानन कंपनियों और विमान व विमान से संबंधित उपकरण बनाने वाली कंपनियों को व्यापक स्तर पर यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि वे रहस्यमयी ढंग से गायब होने वाले विमानों का प्रामाणिक कारण खोजें और फिर विमान गायब होने की घटनाओं पर नियंत्रण करें। प्रत्येक देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को सामान्य विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी चाहिए, ताकि यात्रियों के लिए वायुयात्राओं को चहुंदिश रूप में सुरक्षित से भी अधिक सुरक्षित किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## संस्कृति
योगेश कुमार सोनी



# महाकुंभ -2025 सभी रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

प्रयागराज में महाकुंभ मेला 3 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। 2013 के बाद अब प्रयागराज में महाकुंभ होगा। इस मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनियों को बहुत बेसब्री से रहता है चूंकि यह बारह वर्ष बाद आता है और इसकी मान्यता बहुत बड़ी है। हर बार की तरह तैयारी जोरों-शोरों पर है और सभी में बहुत उत्साह है। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने आते हैं। कुंभ सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों की क्षय और पुण्य की प्राप्ति के लिए आते हैं। लेकिन उनके इकट्ठा होने का लाभ जो धर्माचार्य हैं वो उठाते हैं और लोगों को दिलवाते हैं। पहले तो सामवेद होते हैं और सामवेद होकर पिछले 12 वर्षों की स्थिति का आकलन करते हैं। इसमें देखना यह होता है कि पिछले कुंभ में आए थे और अब परिस्थितियां क्या हैं इसकी समीक्षा होती है और कुंभ के लिए वहां से सनातनियों को संदेश मिलता है। बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थ स्थलों बहुत भीड़ होती है और यदि कुंभ के विषय में आप देखेंगे तो चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। पिछली बार भी लगभग 25 करोड़ श्रद्धालु आए थे। जब देश आजाद हुआ था तब डेढ़ करोड़ आए थे जबकि उस समय संचार की सुविधा भी बेहतर नहीं थी। हर बार की तरह कुंभ में भीड़ का रिकॉर्ड टूटने को तैयार है। यहां लोग सत्संग और दान भी करते हैं। माना जाता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं। कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है, जब देवता और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया तब जो अमृत निकला इस अमृत को पीने के लिए दोनों पक्षों में युद्ध हुआ जो 12 दिनों तक चला था। यह बारह दिन पृथ्वी पर बारह वर्ष के बराबर थे इसलिए कुंभ का मेला 12 सालों में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह कुंभ का पूरा लाभ नहीं उठा पाते क्योंकि कुंभ एक धार्मिक पर्व है,कोई घूमने-फिरने की जगह नहीं। वहां जो भी लोग जाएं, वे धार्मिक लाभ उठाएं चूंकि यह लाभ जीवन में ज्यादा बार नहीं मिल पाता। वहां जो भी आए वो धार्मिक आस्था के साथ ही आए और सात्विकता के नियमों का पालन करे। जितना उपलब्ध हो जाए, उतने में निर्वाह करने की मन में भावना रखें। हम पूरी जिंदगी सारे संसारी सुख को भोगते हैं लेकिन कुंभ में आने के बाद सुविधा का अत्यधिक प्रयोग न करें और जितने भी दिन आप यहां रहें उतने एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। बता दें कि प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयागराज की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण, महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्री राम के जीवन और वनवास प्रसंग से प्रयागराज का विशेष संबंध है। रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी और वहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे थे। 142 सालों में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव आता जा रहा है। महाकुंभ के आयोजन का लगातार विस्तार हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार पहली बार 1882 में महाकुंभ का आयोजन केवल बीस हजार रुपये की लागत से हुआ था। महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों के बीच इस महाआयोजन का बजट करीब 7500 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है कि दुनिया के कोने-कोने से खास से लेकर आम व्यक्ति आएगा। प्रयागराज के व्यापार मंडल के अनुसार कुंभ के दिनों में यहां करोड़ों रुपये का व्यापार होगा जिसको लेकर हर छोटा-बड़ा व्यापारी उत्साहित है। श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की लूटपाट न हो, इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं चूंकि ऐसे समय पर कुछ दुकानदार चीजों को अधिक महंगा करके लोगों को लुटने का काम करते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर घटना को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं और कोई कमी न हो, उसके लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव किया हुआ है। वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को सलाह भी दी जा रही है कि बच्चों-बुजुर्गों व मानसिक रोगियों का विशेष ख्याल रखा जाए, चूंकि इतने बड़े मेले में लोग खो जाते हैं और प्रशासन को ढूंढने में बहुत समस्या आती है, इसलिए वहां अपना व अपनों का ख्याल रखें और सुरक्षा के साथ अपनी यात्रा करें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं।

# अहंकार ही है समस्याओं का कारण



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि में स्वयंवर में उस राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### केजरीवाल की नई रेवड़ियां

केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले विविध घोषणाएं करके वोटरों को लुभाने का कार्य कर रहे हैं। महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना पर जमी राजनीति शांत ही नहीं हुई है और केजरीवाल ने नई पुजारी-ग्रंथी योजना लांच की है। अरविंद केजरीवाल ने मरघट वाले बाबा के मंदिर में धर्मपत्नी के साथ जाकर दर्शन कर बाबा का पहला रजिस्ट्रेशन किया। भाजपा ने जवाब देते हुए कहा कि केजरीवाल चुनावी हिंदू हैं। केजरीवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में हिम्मत है तो पूरे देश में पुजारी-ग्रंथी योजना लागू करके बताए। माना जा रहा है कि केजरीवाल जो कुछ कर रहे हैं, वे जनता को लाभ पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। इसके पीछे इनकी इच्छा है कि चुनाव में वोट आम आदमी पार्टी को ही दिया जाए। *- राजीव शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### भारत केसरी को श्रद्धांजलि



भारत केसरी मन्नाथ पद्मनाभन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। पद्मनाभन जी ने न केवल केरल में सामाजिक असमानताओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि एक मजबूत और एकजुट भारत के रूप में उभरने के लिए हमारे समाज को एकजुट किया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### तीन कृषि कानून



केंद्र निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को "नीति" कहकर उन्हें "पिछले दरवाजे" से दोबारा लागू करने की तैयारी में है। नयी "नीति" की प्रतियां सभी राज्यों को उनके विचार जानने के लिए भेजी गई हैं। अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**

### एक्सप्रेसवे का इंतजार



देश का सबसे महंगा एक्सप्रेसवे 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' जो कि 2022 में बनकर तैयार होना था, भाजपा सरकार के हर कार्य की तरह इंतज़ार की लाइन में लगा है। **-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### सही निर्णय लेने का समय



सही निर्णय लेने का कोई गलत समय नहीं होता। मेरा यह भी मानना है कि अपने निर्णय को सार्वजनिक करने से आप इसके प्रति अधिक प्रतिबद्ध हो जाते हैं। तो नए वर्ष में समय-समय पर मुझे याद दिलाकर इसे हासिल करने में मेरी मदद करें।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में बारिश ने नववर्ष के जश्न पर फेरा पानी

ब्रिटेन के विभिन्न भागों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए जिसकी वजह से नववर्ष के जश्न पर पानी फिर गया। मैनचेस्टर के विभिन्न इलाकों में पानी भरा हुआ है। हालात को देखते हुए कई मकानों को खाली करा दिया गया है और सड़कों व पार्किंग क्षेत्र में खड़ी कारें पानी में डूब गई हैं। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने बताया कि बचाव दलों को बुलाया गया है ताकि वे जलमग्न संपत्तियों और फंसे हुए वाहनों को निकालने में अग्निशमन कर्मियों की मदद कर सकें। मौसम विभाग के अधिकारी टॉम मॉर्गन ने कहा, 'आज और बारिश होने का अनुमान है।' उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि बाढ़ की स्थिति पहले और खराब होगी और फिर सुधार होना शुरू होगा।' मैनचेस्टर के दक्षिण में डिड्सबरी में रहने वाले टॉम कोल्टहार्ड नामक व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार दोपहर को बारिश शुरू हुई और रात भर होती रही। इलाके में सड़कें और राजमार्ग बंद कर दिए गए हैं। हल विश्वविद्यालय में भूगोल के प्रोफेसर कूलथर्ड ने कहा, 'सभी स्थानीय नदियों और जलमार्गों में काफी पानी भर गया है और क्षेत्र के आसपास बाढ़ आ गई है।' बाढ़ और तेज हवाओं के कारण नए साल की पूर्व संध्या पर होने वाली आतिशबाजी पर पानी फिर गया और एडिनबर्ग व कई अन्य शहरों में नए साल के लिए निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए।



## ऑफ बीट

# हर साल वयस्कों का आधा किलोग्राम बढ़ता है वजन



वयस्कों का वजन उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे बढ़ता है और आम तौर पर हर साल औसतन 0.5 से 1 किलोग्राम वजन बढ़ता है। हालांकि यह हर साल के हिसाब से बहुत ज्यादा नहीं लगता, लेकिन एक दशक में यह 5 किलोग्राम तक बढ़ जाता है। वजन बढ़ने की धीमी-लेकिन-स्थिर दर के कारण हममें से कई लोग 50 वर्ष की आयु तक अपने बढ़े हुए वजन पर ध्यान नहीं देते। वजन क्यों बढ़ता है? उम्र बढ़ने के साथ जीवनशैली में बहुत छोटे-छोटे, क्रमिक बदलाव और उम्र से संबंधित जैविक परिवर्तनों से हमारा वजन बढ़ता है। हमारी शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं। लंबे समय तक काम करने और पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण हम अधिक निष्क्रिय हो जाते हैं और व्यायाम के लिए कम समय मिलता है, जिसका अर्थ है कि हम कम कैलोरी बर्न करते हैं। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे आहार का तरीका बदल जाता है। व्यस्त कामकाजी और पारिवारिक कार्यक्रम के कारण, हम कभी-कभी पैकिंग वाले और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। इन आहार में शर्करा, नमक और अस्वास्थ्यकर वसा की मात्रा अधिक होती है। वजन बढ़ने का संबंध नींद में कमी से भी होता है। व्यस्त जीवन और स्क्रीन के इस्तेमाल के कारण हमें पर्याप्त नींद नहीं मिल पाती।



# ‘देवा’ का पहला पोस्टर हुआ जारी

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर की बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म ‘देवा’का पहला पोस्टर सामने आ चुका है। निर्माताओं ने बुधवार को फिल्म से शाहिद कपूर के लुक वाला पोस्टर जारी किया। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जी स्टूडियोज के सहयोग से रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, देवा ने पहले ही प्रशंसकों और आलोचकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है। सामने आए पोस्टर में शाहिद कपूर का रा और इंटेंस लुक सामने आया है। वह दमदार लुक में नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

## ऐसे होती है परफेक्ट शुरुआत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

श्रद्धा ने इससे पहले साल की शुरुआत में भी अपनी तस्वीरें साझा की हैं। श्रद्धा कपूर ने कहा कुछ लोग पजामे में रहना पसंद करते हैं और कुछ पार्टी करना पसंद करते हैं। बात करें वर्कफ्रंट की तो श्रद्धा को हाल ही में स्त्री 2 में देखा गया।

श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया कि कैसे उन्होंने साल की बेहतरीन शुरुआत की। तस्वीरों में जाहिर है, अभिनेत्री ने जिम में और परिवार के साथ शानदार समय बिताया। श्रद्धा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये तस्वीरें साझा की हैं। नए साल का उनका पहला दिन कैसे बीता इस बारे में अभिनेत्री ने बताया है। इंस्टा पर अपनी तस्वीर साझा की। इसके बाद ड्राई फ्रूट्स और ब्लूबेरी की तस्वीर भी साझा की है। तीसरी तस्वीर में कई रंग-बिरंगे फूल दिखाई दे रहे हैं। चौथी तस्वीर में वह अपने दो पालतू कुत्तों के साथ लिपटी हुई थीं। तस्वीरों को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा, ‘2025 की एकदम सही शुरुआत’। श्रद्धा ने इससे पहले साल की शुरुआत में भी अपनी तस्वीरें साझा की हैं। श्रद्धा कपूर ने कहा कुछ लोग पजामे में रहना पसंद करते हैं और कुछ पार्टी करना पसंद करते हैं। बात करें वर्कफ्रंट की तो श्रद्धा को हाल ही में स्त्री 2 में देखा गया। श्रद्धा ने अपनी फिल्मों को लेकर कहा कि मुझे जो पसंद न हो उस तरह की बैक टू बैक फिल्में करने के बजाय मुझे कोई फिल्म नहीं करना पसंद है। मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं इसलिए मैं एक अभिनेता के तौर पर ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जो मेरे लिए अलग हों।

# कभी ट्रेन में गाना गाता था ये एक्टर, आज हैं करोड़ों के घर

*आज हम आपको एक ऐसे एक्टर के बारे में बताने वाले हैं जिसने आरजे से करियर शुरू किया था और आज बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। कई एक्टर्स को अपने करियर के शुरुआत में स्ट्रगल झेलना पड़ता है। कई ऐसे भी स्टार्स हैं जो करियर तो किसी और प्रोफेशन से शुरू करते हैं, लेकिन बाद में एक्टिंग की दुनिया में आ जाते हैं।*



**नई दिल्ली।** हम बात कर रहे हैं आयुष्मान खुराना की। आयुष्मान पहले आर जे थे और कई शो होस्ट करते थे। इसके बाद आयुष्मान ने साल 2012 में फिल्म विकी डोनर से बॉलीवुड डेब्यू किया जिसे काफी पसंद किया गया था। आयुष्मान ने खुद बताया था कि वह एक समय पर ट्रेन में परफॉर्म भी करते थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, अपने कॉलेज के दिनों में एक ट्रेन होती थी पश्चिम एक्सप्रेस जो दिल्ली से मुंबई जाती थी। मैं अपने दोस्तों के साथ जाता था और हम हर कोच में जाकर गाते और परफॉर्म करते थे। पैसेंजर्स हमें पैसे देते थे। हम इतना कमा लेते थे कि हमने उससे गोवा ट्रिप तक स्पॉन्सर कर लिया था तो आप कह सकते हो कि मैं ट्रेन सिंगर हूं।

आयुषमान के मुंबई चंडीगढ़ और पंचकुला में कई प्रॉपर्टीज हैं जिनकी करोड़ों में कीमत है। आयुष्मान को लग्जरी गाड़ियों के भी शौकीन हैं। उनके पास मर्सिडीज, ऑडी और बीएमडब्लू गाड़ियां हैं। आयुष्मान की फिल्मों की बात करें तो वह अब थामा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। फैमिली में उनकी पत्नी हैं ताहिरा जिससे उनकी लव मैरिज हुई है। दोनों के 2 बच्चे हैं।

## किसी की 29 साल पुरानी शादी टूट गई तो किसी ने 4 साल बाद कर लिए अपने रास्ते अलग

# इन सेलेब्स का 2024 में उजड़ गया घर, टूट गई शादी

*नई दिल्ली। साल 2024 में कई फिल्मी और टीवी सेलेब्स के बसे-बसाए घर उजड़ गए। किसी की 29 साल पुरानी शादी टूट गई तो किसी ने 4 साल बाद अपने रास्ते अलग कर लिए। इतने साल पुरानी शादी टूटी, जिसने फैंस तक को झकझोर दिया। इस लिस्ट में एआर रहमान और सायरा बानो से लेकर धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत तक शामिल हैं।*

### एआर रहमान-सायरा बानो



ऑस्कर विनिंग कंपोजर और सिंगर एआर रहमान ने 19 नवंबर 2024 को फैंस को झटका दिया। उन्होंने वाइफ सायरा बानो संग तलाक का ऐलान किया। दोनों की शादी को 30 साल पूरे होने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही दोनों के बीच सबकुछ खत्म हो गया।

### नताशा स्टेनकोविक-हार्दिक पांड्या



इंडियन क्रिकेटर और एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक की शादी टूटने की खबर ने भी फैंस को झकझोर दिया था। दोनों ने 18 जुलाई 2024 को ज्वॉइंट स्टेटमेंट शेयर कर तलाक का ऐलान किया था। दोनों की 4 साल पुरानी शादी टूट गई।

### धनुष-ऐश्वर्या रजनीकांत



कहते हैं कि रजनीकांत ने अपनी बेटी और दामाद का घर बचाने की बहुत कोशिश की थी, लेकिन दोनों ने शादी के 18 साल बाद इसे खत्म करने का फैसला किया।

### ईशा देओल-भरत तख्तानी



शादी के 12 साल बाद ईशा और भरत ने अपने रास्ते अलग कर लिए। दोनों ने फरवरी 2024 में तलाक का ऐलान किया। इनकी दो बेटियां हैं।

### जयम रवि-आरती



साउथ एक्टर जयम रवि और आरती ने 15 साल पहले शादी की थी, लेकिन इसी साल 9 सितंबर को उन्होंने तलाक का ऐलान किया। इनके दो बच्चे हैं अयान और आरव।

### उर्मिला मातोंडकर-मोहसिन अख्तर



उर्मिला मातोंडकर ने 4 फरवरी 2016 को मोहसिन अख्तर मीर से शादी की थी। दूसरे धर्म में शादी करने के कारण उर्मिला निशाने पर रहीं। फिर उर्मिला ने तलाक की अर्जी दी। वजह का खुलासा नहीं किया।

### दलजीत कौर और निखिल पटेल



इनकी शादी सिर्फ 10 महीने ही टिक सकी। दलजीत ने निखिल पर कई गंभीर आरोप लगाए। मई 2024 में इन्होंने सेपरेट होकर तलाक की अर्जी दी।

# ‘कजरा रे...’ में दिया जुगलबंदी का आइडिया

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सिनेमा के सबसे चर्चित सितारों में से एक हैं। अमिताभ बच्चन को अभिनय के साथ गाना गाने में भी दिलचस्पी रखते हैं।



शंकर महादेवन ने अमिताभ बच्चन को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि ‘कजरा रे’ गाने में जो जुगलबंदी हुई, उसमें अमिताभ बच्चन का खास रोल था। शंकर महादेवन ने बताया, ‘बच्चन सर स्टूडियो आया करते थे, हमारे साथ बैठते थे। हमारे साथ मस्ती मजाक भी करते थे। कजरा रे गान में ‘धिन धिनक धिन...’ भी उन्ही का आइडिया था। बातों में जुगल बंदी वाला आइडिया भी उन्ही से आया था। ये गाना मेरा चैन वैन सब उजड़ा से शुरू हो रहा था। उन्होंने कहा कि इससे पहले कुछ जुगलबंदी लेते हैं। मैंने ये पांच मिनट में ही कर दिया। इससे वे बहुत खुश हो गए थे। शंकर महादेवन ने बताया कि उन्होंने गाने के डमी वर्जन को तैयार किया। वे चाहते थे कि इस गाने को कोई और अभिनेता गाए। इस पर अमिताभ बच्चन ने कहा, तुम किसे फोन करने जा रहे हो? मैंने कहा, और भी गायक आएंगे और इस गाने को गाएंगे।

## टीवी मसाला

# बहुत जरूरी है दयाबेन को वापस लाना : असित मोदी



**नई दिल्ली।** तारक मेहता के कई कलाकार शो को छोड़कर चले गए हैं और उनकी जगह नए कलाकारों ने ले लिया है, लेकिन अभी तक हर किसी को इंतजार है तो वो हैं दयाबेन का। ‘हे मां माता जी’ कहने वाली दयाबेन उर्फ दिशा वकानी की एंट्री को लेकर अब असित मोदी ने रिएक्ट किया है। ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ के असित मोदी ने कहा, ‘दयाबेन को वापस लाना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे भी उनकी याद आती है। कई बार परिस्थितियां इस तरह बदल जाती हैं कि कुछ चीजें हो जाती हैं और इसमें देरी हो जाती है। कई बार कहानी लंबी हो जाती है। कई बार कुछ बड़ी घटनाएं होती हैं। 2024 में चुनाव थे, आईपीएल था और फिर वर्ल्ड कप के मैच थे, बारिश का मौसम था। कुछ कारणों से इसमें देरी हो जाती है।’ ‘मैं अभी भी कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि दिशा वकानी वापस नहीं आ सकती हैं, क्योंकि उनके दो बच्चे हैं। वह मेरी बहन की तरह हैं। आज भी, उनके परिवार के साथ हमारा बहुत करीबी रिश्ता है। मेरी बहन दिशा ने मुझे राखी बांधी है। उनके पिता और भाई भी मेरे लिए एक परिवार हैं। आपने 17 साल तक एक साथ काम किया। इतने साल तक काम करने के बाद ये मेरा परिवार बन गया।’

## विद्या की वजह से खत्म होगा अभीर का करियर



**नई दिल्ली।** ‘ये रिश्ता क्या कहलाता है’की अभिरा की जिंदगी में तूफान आने वाला है। दरअसल, विद्या की वजह से अभीर का एक्सीडेंट हो जाता है। अभीर जैसे-तैसे कॉन्सर्ट में पहुंच तो जाता है, लेकिन परफॉर्म करने से पहले ही बेहोश हो जाता है। जब पोद्दार और गोयनका परिवार के सदस्य अभीर को हॉस्पिटल लेकर जाते हैं तब डॉक्टर उन्हें बुरी खबर देता है। वह उन्हें बताता है कि अभीर को समय पर हॉस्पिटल नहीं लाया गया इसलिए उसकी हालत गंभीर है। उसके पैरों की नसें डैमेज हो चुकी हैं। अब अभीर कभी अपने पैरों पर चल नहीं पाएगा। डॉक्टर की बातें अभीर और मनीष गोयनका को तोड़ देंगी। अभिरा, अभीर के सामने तो अपने जज्बातों को कंट्रोल कर लेगी, लेकिन अंदर ही अंदर बदले की आगे में जलती रहेगी।

# इस वजह से ‘राम तेरी...’ का हिस्सा नहीं बनीं खुशबू



**मुंबई।** राजनेता और अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने हाल ही में अपनी फिल्मों को लेकर खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे राम तेरी गंगा मैली फिल्म के लिए राज कपूर की पहली पसंद थीं, लेकिन सिर्फ इस एक वजह से वह फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकीं। गंगा के किरदार के लिए सबसे पहले उन्हें ही चुना गया था। साल 1985 में आई फिल्म ‘राम तेरी गंगा मैली’ फिल्म में एक मां का किरदार निभाना था। खुशबू ने बताया कि मैं तब 14 साल की भी पूरी नहीं हुई थी, इसलिए राज कपूर ने कहा, वे खुद एक बच्ची है, उसके साथ बच्चा अच्छा नहीं लगेगा। इस कारण ही मैं इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकी। एक बातचीत में खुशबू ने बताया कि राज कपूर चाहते थे कि वे राम तेरी गंगा मैली फिल्म से मुझे लॉन्च करें। हमने इसके लिए फोटोशूट भी किया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–निविदा सूचना क्रमांक: एनआईटी / 11 / 24 / 30, दिनांक 23.12.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र की लागत (₹) | प्रतिभूति राशि जमा (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11246121 | 20.01.2025 | 10.30 | 00 | 172960.00/- |

विवरण:– जंक्शन बॉक्स असेंबली के लिए रेट्रोफिटमेंट किट की आपूर्ति और फिटमेंट अनुलग्नक ‘‘ए’’ में संलग्न आरडीएसओ द्वारा जारी चित्र और निर्देशों के अनुसार होना चाहिए। आपूर्ति की गई सामग्री अनुलग्नक बी 1 (KES: प्रकार 38 कोच) या बी 2 (FT: प्रकार 10 कोच) के अनुसार होनी चाहिए। एलएचबी कोचों के साथ संगत हो जिसमें m/s FTRTIL कोचिंग डिपो. बिलासपुर में एयर ब्रेक सिस्टम बनाता है। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर जाएं। (वारंटी अवधि: डिलवरी की तारीख के 30 महीने बाद। वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक

सीपीआर/**10/PR/410** द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध एस एंड टी कार्य हेतु निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या : 82–एस एन टी–परियोजना–निविदा–2024. दिनांक 24.12.2024.** **कार्य का नाम** : एसईसीआर रेलवे के बिलासपुर मंडल के हिमगीर बेलपहाड ब्रजराजनगर ईब झारसुगुडा खंड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ओएफसी आधारित) के साथ ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान जिसमें मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन / संशोधन एवं नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, एमएसडीएसी एवं आई पी एस आदि की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, सभी इनडोर और आउटडोर कार्यों का निष्पादन, हट्स का निर्माण तथा विद्युतीकरण, कवच के लिए ओएफसी बैकबोन का प्रावधान आदि सम्मिलित है। एस एंड टी प्रशिक्षण संस्थान IRISET, सिकंदराबाद में स्वचालित सिग्नलिंग के लिए सेटअप का प्रावधान। **निविदा मूल्य: ₹ 43,46,97,325.60/-** (रुपये तिरालीस करोड़ छियालीस लाख सनतानबे हजार तीन सौ पच्चीस एवं साठ पैसे मात्र)। **अमानत राशि : ₹ 23,23,500.00/-** (रुपये तेईस लाख तेईस हजार पाँच सौ मात्र)। **निविदा जमा करने की तिथि व समय** : दिनांक : **20.01.2025** के **12:00** बजे तक।

विस्तृत जानकारी / निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं, उससे देख सकते हैं।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर. इंजी. (परि.)**

**सीपीआर/10/413 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**

South East Central Railway @secrail





## जैकेट के शेष

### मनु, गुकेश, हरमनप्रीत,...

पुरस्कार प्रदान करेंगी।

**हरमनप्रीत के नाम कांस्य** : हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हरमनप्रीत तीन बार एफआईएच अवॉर्ड्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीते हैं।

**ईनामी राशि** : खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले को एक मेडल, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपए नकद मिलते हैं जबकि अर्जुन पुरस्कार में 15 लाख रुपए नकद, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न**

| खिलाड़ी | खेल |
|---|---|
| गुकेश डी | शतरंज |
| हरमनप्रीत सिंह | (हॉकी) |
| प्रवीण कुमार | (पैरा-एथलेटिक्स) |
| मनु भाकर | (निशानेबाजी) |

**द्रोणाचार्य पुरस्कार**

| | |
|---|---|
| सुभाष राणा | पैरा-निशानेबाजी |
| दीपाली देशपांडे | निशानेबाजी |
| संदीप सांगवान | हॉकी |
| एस मुरलीधरन | बैडमिंटन |
| अरमांडो एग्नेलो कोलाको | फुटबॉल। |

### माड़ के अबूझ ....

नए चेहरे को गांवों में पहुंचने नहीं दिया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक गैजेट्स पर भी बैन लगा दिया गया हैं। मैदानी कर्मचारियों को नक्सलियों ने नियमों का उल्लंघन पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है।

### गहरी चोट से ....

कुंडली जनताना सरकार के लोग गांव की दहलीज में कदम रखते लिख रहे हैं। कब कौन कितने दिन बाहर रह कर आया और कब कौन कितने दिन किस काम से बाहर जा रहा हैं, इस बात को वे रजिस्टर में लिख रहे हैं।

### पहाड़ियों पर जाने ....

के नाम पर बस्तर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में शामिल फोर्स के जवानों के लिए ज़मीन के अंदर सैकड़ों बम लगा कर रखा हैं। जिससे बचना हैं तो कोई पहाड़ियों और जंगलों का सैर न करें।

### ईडी का दावा, शराब ....

अपराध की आय (पीओसी) के मुख्य प्राप्तकर्ता थे। ईडी ने अपने बयान में बताया है कि जांच के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत मिले हैं। इसके अलावा तलाशी में कई डिजिटल उपकरणों की बरामदगी और जब्ती की गई है। इनमें ईडी ने आपत्तिजनक रिकॉर्ड होने का संदेह व्यक्त किया है। ईडी के अनुसार अब तक की जांच में जो बातें सामने आई है, उसके मुताबिक कवासी लखमा शराब घोटाले से उत्पन्न पीओसी से मासिक आधार पर बड़ी मात्रा में नकद राशि प्राप्त करता था। 2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले में ईडी की जांच से पता चला है कि पीओसी अवैध कमीशन के रूप में उत्पन्न किया गया था, जो कई तरीकों से उत्पन्न किया गया था।

### ऐसे होती थी ....

**बयान दर्ज कराने आज पहुंच सकते हैं** : छापे की कार्रवाई के बाद ईडी कवासी लखमा को नोटिस जारी कर पूर्व में भी तलब कर चुकी है, लेकिन कवासी लखमा बयान दर्ज कराने ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने कवासी लखमा को बयान दर्ज कराने शुक्रवार को कार्यालयीन समाय में ईडी ऑफिस आने नोटिस जारी किया है।

### शाह बोले- कश्मीर ....

की छोटी से छोटी स्थानीय भाषा को जीवित रखना है। ये दिखाता है कि पीएम कितना कश्मीर के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि धारा 370 और 35ए देश को एक रोकने से होने के प्रावधान थे। संविधान सभा में इन धाराओं को लेकर बहुमत नहीं था। इसीलिए इसे टेंप्रेरी उस वक्त बनाया, लेकिन आजादी के बाद इस कलंकित अध्याय को मोदी सरकार ने हटाया और विकास के रास्ते मोदी सरकार ने खोले। उन्होंने कहा कि धारा 370 ने ही कश्मीर में अलगाववाद का बीज युवाओं के बीच बोया। धारा 370 ने भारत और कश्मीर में जुड़ाव को तोड़ा इसीलिए आतंकवाद घाटी में पनपा और फैला, लेकिन हटने के बाद धारा 370 के आतंक कश्मीर में घटा है।

**भारत की सीमा सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित** : शाह ने कहा कि कश्मीर के इतिहास को पुस्तक के जरिए स्थापित करने की कोशिश की गई है। एक स्थान पर कश्मीर पर इस पुस्तक में प्रमाण के साथ इतिहास बताया गया है। भारत पूरी दुनिया में एकमात्र ऐसा देश है, जिसकी बाउंड्री सांस्कृतिक परंपरा के आधार पर है, इसीलिए कश्मीर से कन्याकुमारी भारत एक है। भारत को समझने का प्रयास तभी सच्चा हो सकता है, जब जियो संस्कृति के कल्चर को समझना होगा। हमारे देश के तोड़नेवाले तथ्यों को समझना होगा। तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया। इतिहास को वक्र दृष्टिकोण से कुछ लोगों ने देखा। इस पुस्तक से एक बात सिद्ध हो गई है भारत के कोने कोने में संस्कृति के अंश तो बिखरे हुए हैं कई अंश वो कश्मीर से आए हैं।

**कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा** : केंद्रीय गृह कहा कि कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। अलग करने का प्रयास लोगों ने किया था, लेकिन उस बाधा को भी हटा दिया गया है. कश्मीर में जो मंदिर मिले हैं, उसका जिक्र इस पुस्तक में है वो दिखाता है कि कश्मीर का भारत से न टूटनेवाला जोड़ है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में तोड़े गए मंदिर, संस्कृत का कश्मीर में इस्तेमाल और कश्मीर पर आजादी के बाद गलतियां फिर उसके सुधार की प्रक्रिया सब का जिक्र इस पुस्तक में है।

### किसे कहां की ....

हरियाणा-अरुण सिंह, हिमाचल प्रदेश- डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू एवं कश्मीर संजय भाटिया, कर्नाटक-शिवराज सिंह चौहान, केरल- प्रल्हाद जोशी, लद्दाख-जयराम ठाकुर, लक्षद्वीप-राधाकृष्णन, मध्य प्रदेश-धर्मेन्द्र प्रधान, मेघालय जॉर्ज कुरियन केंद्रीय राज्य मंत्री, मिजोरम वानति श्रीनिवासन, नागालैंड वी. मुरलीधरन, ओडिशा डॉ. संजय जायसवाल, पुद्दुचेरी तरूण चुघ, राजस्थान विजयभाई रूपाणी, सिक्किम किरण रिजिजू, तमिलनाडु जी. किशन रेड्डी, तेलंगाना कुमारी शोभा करंदल, त्रिपुरा जुएल ओराम, उत्तर प्रदेश पीयूष गोयल

### जांच के लिए गए ....

लेकर दो बाइक में मानपुर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें मोबाइल में सूचना मिली ग्राम सेमरिया शिव तालाब के पास लकड़ी की तस्करी करने के लिए कुछ लोग पिकअप लेकर खड़े हैं। डिप्टी रेंजर श्री भारद्वाज टीम के साथ जांच के लिए गांव में गए। ग्रामीण टम्पाल ध्रुव की बाड़ी में पिकअप क्रमांक सीजी 28 एन, 8851 खड़ा हुआ था। वे बाड़ी में घुसकर पिकअप को जांच करने लगे। इसी दौरान टम्पाल ध्रुव, दिनेश ध्रुव, अंधियार सिंह आया और डिप्टी रेंजर के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का लाठी से मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ दी। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए कुल्हाड़ी को मारने के लिए दौड़ाया, जिससे डिप्टी रेंजर ने टीम के साथ बाइक छोड़कर जंगल में भागकर जान बचाई। उसके बाद उनकी बाइक में जमकर तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने डिप्टी रेंजर श्री भारद्वाज की रिपोर्ट पर हमलावर टम्पाल सिंह ध्रुव पिता गोविंद ध्रुव 40 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके फरार दो साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### सोना-चांदी निवेश में ....

सोने और चांदी ने बीते साल निवेशकों को सबसे ज्यादा लुभाने का काम किया है। सोने और चांदी की कीमत बीते साल तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। साल भर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना एक जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78100 रुपए रही। इसी तरह से चांदी के दाम एक जनवरी को 74500 रुपए थे जो 31 दिसंबर को तो 88200 रहे, लेकिन इसकी कीमत 29 अक्टूबर को 101500 रुपए तक गई थी। यानी कीमत 17 हजार रुपए बढ़ी।

### जमीन से ज्यादा ....

निवेश संभव नहीं है। सोने और चांदी में निवेश करने वालों को कोरोना के समय तत्काल पैसों की जरूरत पर सोना-चांदी बेचने से पैसे मिल गए थे, लेकिन जमीन को तत्काल बेचना आसान नहीं होता है।

## पेज एक के शेष

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र...

लागू करेगी। विधि अधिकारी ने कहा, हम सभी सिफारिशों को लागू करने जा रहे हैं और इसे (मामले को) छह महीने बाद सूचीबद्ध किया जा सकता है। पीठ ने कहा, मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए स्थगित की जाती है। इस विशेष अनुमति याचिका को अप्रैल महीने में सूचीबद्ध करें। पूरी रिपोर्ट को रिकॉर्ड में नहीं रखा गया है क्योंकि इसमें प्रश्नों की छपाई आदि जैसे मुद्दों के बारे में भी कुछ विवरण शामिल थे।

पिछले साल 21 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने परीक्षा सुधारों पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति को दी गई समय सीमा बढ़ा दी थी। नीट-यूजी का आयोजन एनटीए द्वारा स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है।

### 17 आईपीएस अफसरों के...

आठ अफसरों को सलेक्शन ग्रेडः इसके अलावा आठ आईपीएस अफसरों को सलेक्शन ग्रेड मिलेगा। इनमें आशुतोष सिंह, विवेक शुक्ला, शशि मोहन सिंह, राजेश कुकरेजा, श्वेता राजमणि, राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल और रामकृष्ण साहू का नाम है। प्रमोशन के बाद छत्तीसगढ़ में पांच नए एसएसपी नियुक्त होंगे। ये पांच आईपीएस अफसर 2012 बैच के हैं और इस समय विभिन्न जिलों में एसएसपी के पद पर कार्यरत हैं। इनमें आशुतोष सिंह महासमुंद, विवेक शुक्ला जांजगीर, शशिमोहन सिंह जशपुर, विजय अग्रवाल बलौदा बाजार और रामकृष्ण साहू बेमेतरा में एसएसपी हैं।

### रायपुर के कारोबारी...

रुपए का नकद पेमेंट किया है। यह काम राजेश शर्मा के माध्यम से किया है। इसलिए महेंद्र गोयनका से विभाग की टीम दो दिन से पूछताछ कर रही है। दरअसल, गोयनका पर आरोप है कि उन्होने राजेश शर्मा के जरिए भोपाल में 300 करोड़ से ज्यादा निवेश किया। यह निवेश बेनामी जमीनों की खरीदारी में किया गया, जिसमें आयकर विभाग को शेल कंपनियों के जरिए टैक्स चोरी के संकेत मिले थे। इसकी जांच आयकर द्वारा जारी है। शर्मा पर आयकर के छापे के बाद गोयनका विदेश चले गए थे जो हाल ही में लौटे हैं।

भारतीय और नेपाल सेना के बीच संयुक्त युद्धाअभ्यास 'सूर्य किरण' का 18वां संस्करण शुरू हो गया है। नेपाल के सलझंडी में 29 दिसंबर से 13 जनवरी तक चलने वाला यह अभ्यास साझा सुरक्षा उद्देश्यों को हासिल करने के साथ ही दो मित्रवत पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगा। दोनों देशों के बीच सैन्य, विश्वास और साझा संबंधों मजबूत होंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11वीं गोरखा राइफल्स और नेपाली सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व श्रीजंग बटालियन कर रही है। नेपाल और भारत की सेनाओं के बीच होने वाला यह सैन्य अभ्यास वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11वीं गोरखा राइफल्स और नेपाली सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व श्रीजंग बटालियन कर रही है।



#### आईजीसी बैठक 9-10 जनवरी को काठमांडू में

भारत और नेपाल के बीच व्यापार, पारगमन और सहयोग पर अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक 9-10 जनवरी को काठमांडू में आयोजित की जा रही है। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्रालय की तरफ से इस बैठक की तैयारी की जा रही है। वाणिज्य सचिव गोविंद बहादुर कार्की ने कहा कि इस अंतर सरकारी समिति की बैठक में व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### हिंदू पुजारी चिन्मय दास को झटका

# बांग्लादेश की अदालत ने फिर किया जमानत देने से इंकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

इस्कॉन के पूर्व पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को झटका लगा है। बांग्लादेश के चट्टोग्राम की एक अदालत ने गुरुवार को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें, उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश का अपमान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया था। इस मामले में उनके खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं। दास की ओर से 11 वकीलों का एक समूह जमानत याचिका लेकर अदालत में उपस्थित हुआ, जबकि दास वर्चुअली सुनवाई में शामिल हुए। चट्टोग्राम जिला बार संघ के अध्यक्ष नाजिम उद्दीन चौधरी ने कहा कि सरकार ने जमानत देने का विरोध किया। राजद्रोह मामले में उम्रभर की जेल की सजा होती है। वहीं, मेट्रोपोलिटन पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एडवोकेट मफिजुल हक भुइयां ने बताया कि चट्टोग्राम मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायधीश सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की 30 मिनट तक बहस सुनने के बाद जमानत याचिका को खारिज कर दिया। चटगांव कोर्ट के इस फैसले पर बांग्लादेश में भारत की पूर्व राजदूत वीना सीकरी ने गहरी निराशा व्यक्त करते हुए इसे न्याय का मजाक बताया।



### तेलंगाना के मेडचल स्थित कॉलेज का मामला

# गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे से रिकॉर्ड किए प्राइवेट वीडियो, छात्राओं ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ 000

तेलंगाना के मेडचल स्थित सीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोपों के बाद तनाव बढ़ गया है। छात्राओं का आरोप है कि पिछले तीन महीनों के दौरान करीब 300 प्राइवेट वीडियो बनाए गए हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि हॉस्टल के कुकिंग स्टाफ ने चुपके से वॉशरूम में कैमरा लगाकर छात्राओं के वीडियोज रिकॉर्ड किए। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए।

छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगाई



#### पुलिस कार्रवाई और जांच करेगी

पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कहते हुए कहा है कि इस मामले में केस रजिस्टर किया जाएगा और मामले की जांच होगी। सीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक जंगा रेड्डी ने गर्ल्स हॉस्टल के शौचालय में कथित कैमरों के बारे में कहा कि हमें कल छात्राओं से शिकायत मिली कि किसी ने टॉयलेट की खिड़की से वीडियो बना लिया है। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया और हम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हम भी इस मामले में आंतरिक जांच कर रहे हैं। जो भी इसके पीछे है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुतिन के साथ रिश्ते खराब होने का दावा

# रूस में बशर अल-असद को जहर देकर मारने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ मास्को



सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद को जान से मारने की कोशिश की गई है। पॉइजन के जरिए उन पर जानलेवा हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि असद ने रविवार को अपने सिक्योरिटी से बताया था कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है, और इलाज के लिए मदद मांगी थी। इसके तुरंत बाद उन्हें जोर की खांसी और घुटन होने लगी। ये देखकर उन्हें पानी दिया गया, जिससे थोड़ी राहत मिली लेकिन जबतक की डॉक्टर नहीं आ गए उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। दावा है कि असद की हत्या की कोशिश तब हुई है, जब मीडिया रिपोर्ट्स के दावे के मुताबिक कथित रूप से पुतिन के साथ उनके रिश्ते थोड़े खराब हुए हैं। मसलन, कहा जाता है कि दोनों नेता एक-दूसरे पर भरोसा नहीं करते, लेकिन पुतिन ने ही असद को सीरिया से रेस्क्यू कर मॉस्को ले जाने का फैसला किया था। एक टेलीग्राम चैनल जनरल एसवीआर ने सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति असद को पॉइजन दिए जाने का दावा किया, और बताया कि उनके इलाज के लिए उनके अपार्टमेंट में ही डॉक्टरों की टीम की तैनाती की गई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ऑफिस को भी असद की हालत के बारे में जानकारी दी गई, जिसके बाद क्रेमलिन ने एक आदेश में कहा कि उनके इलाज के लिए सभी इंतजाम किसी अस्पताल में नहीं, बल्कि उनके घर पर ही किए जाएं।

#### बशर अल-असद की हालत अब स्थिर!

*बशर अल-असद को शुरुआती इलाज के बाद आगे की देखभाल के लिए उनके अपार्टमेंट पर ही मेडिकल टीम को लगाया गया। मामला, रविवार को सामने आया जब असद अपने घर पर ही थे। हालांकि, सोमवार शाम तक, असद की देखभाल कर रही डॉक्टरों की टीम ने स्पष्ट किया कि उनकी हालत स्थिर है, और पहले से बेहतर हैं। असद के शरीर से सैंपल लेकर उसकी जांच की गई तो पता चला कि उन्हें पॉइजन दिया गया था।*

#### असद को पॉइजन दिए जाने के मामले की चल रही जांच

पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति के साथ हुई इस घटना राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी निकोलाई पैट्रूशेव की निगरानी में जांच की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिर असद को पॉइजन कैसे दिया गया। बशर अल-असद को बीते महीने सीरिया छोड़कर भागना पड़ा था, जब तहरीर अल-शाम के लड़ाकों ने राजधानी दमिश्क के साथ असद के कब्जे वाले बड़े शहरों को अपने नियंत्रण में ले लिया।

#### पत्नि असमा के साथ असद के आपसी विवाद

असद की सत्ता जाने के बाद उनके घर में भी बताया जा रहा है कि अंदरूनी कलह शुरू हो गई है। मसलन, उनकी पत्नी असमा के बारे में कहा जा रहा है कि वह ब्रिटेन वापस लौटना चाह रही थीं, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। उनकी पत्नी असमा लंदन का जन्म लंद में हुआ था, लेकिन पासपोर्ट एक्सपायर कर जाने की वजह से वह अपने घर नहीं लौट सकीं। वह अभी अपने पति असद के साथ मॉस्को में हैं। सीरिया से भागने के बाद से ही असमा लंदन लौटना चाहती हैं, और माना जा रहा है कि वह असद से तलाक भी मांग रही हैं।

## विजय घाट या एकता स्थल होगा मनमोहन का स्मारक स्थल!

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के स्मारक बनने को लेकर प्रक्रिया लगभग शुरू हो गई है। गृह मंत्रालय और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने आज दोपहर (2 जनवरी) बैठक की और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए दो संभावित स्थलों को चुना। इसमें एकता स्थल और विजय घाट शामिल हैं। हालांकि, इन दोनों जगहों में से स्मारक स्थल कहां होगा। इसको लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। मिली जानकारी के अनुसार, कई विकल्पों पर विचार करने के बाद एकता स्थल, जहां पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की समाधि है, और विजय घाट, जहां भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि है, उनको चुना गया है। विजय घाट, राजघाट (महात्मा गांधी की समाधि) के पास मुख्य रिंग रोड पर स्थित है, जबकि एकता स्थल शांति वन (जवाहरलाल नेहरू की समाधि) और राजघाट के साथ विजय घाट के बीच स्थित है।



■ सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा होना बाकी

### अवैध निर्माणों पर सुप्रीम कोर्ट की नजर

# अब घर गिरवी रख लोन भी मुश्किल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माणों पर सख्ती दिखाते हुए नए आदेश जारी किए हैं, जिनसे देशभर में अवैध इमारतों और उनके संचालन पर प्रभाव पड़ेगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी भी इमारत को गिरवी रखकर बैंक और वित्तीय संस्थान लोन तभी स्वीकृत करेंगे, जब उस इमारत के लिए पूरा या उपयोग प्रमाण पत्र मौजूद हो। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि बिजली, पानी और सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं देने से पहले सेवा प्रदाता कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि इमारत के पास प्रमाण पत्र हो। बिना वैध प्रमाण पत्र के किसी भी इमारत को व्यवसाय या व्यापार के लिए लाइसेंस नहीं दिया जाएगा, चाहे वह आवासीय हो या कमर्शियल।



#### बिल्डरों के लिए सख्त शर्तें

अब बिल्डरों को एक लिखित आश्वासन देना होगा कि इमारत का कब्जा केवल तभी खरीदारों को सौंपा जाएगा, जब संबंधित प्राधिकरण से पूरा या उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त हो। कोर्ट ने यह भी कहा कि अवैध निर्माण न केवल रहने वालों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि संसाधनों जैसे बिजली, भूजल और सड़क तक पहुंच को भी प्रभावित करते हैं।

#### अधिकारियों की भी जवाबदेही तय

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अवैध रूप से प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अधिकारी, जो अपनी जिम्मेदारी निभाने में चूक करते हैं, उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा। कोर्ट ने 2014 में इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा मेरठ में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है और किसी भी प्रकार की नरमी दिखाना गलत होगा।

## बिजली के खंभे पर चढ़कर तारों पर सो गया शख्स



**आंध्र में नीचे चिल्लाते रहे परिजन**

**पार्वतीपुरम मन्यम।** आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मन्यम जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां किसी बात-विवाद से नाराज नशे में धुत एक शख्स बिजली के खंभे पर चढ़ गया और उसके बाद तारों पर सो गया। हालांकि इस दौरान उसके परिजन लगातार चिल्लाते रहे। मांडू बाबू मां से शराब के लिए पैसे मांग रहा था और पैसे न मिलने पर वह खफा होकर यह काम किया।

## पीएम मोदी आज फूंकेंगे दिल्ली का चुनावी बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली चुनाव को लेकर अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही प्रधानमंत्री मोदी पूरी तैयारी मं0 नजर आ रहे हैं। कल यानी शुक्रवार को पीएम मोदी दिल्ली चुनाव को लेकर बिगुल फुकेंगे। इससे पहले पीएम मोदी जनता को दिल्ली मेट्रो और एक्सप्रेसवे समेत कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। करेंगे। रोहिणी के जापानी पार्क में आयोजित पीएम मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है। दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला लाइन का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। इसके साथ ही दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे का भी शुभारंभ करेंगे।



## भारत और बांग्लादेश 5 जनवरी को करेंगे 185 मछुआरों का आदान-प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश रविवार, पांच जनवरी को कुल 185 मछुआरों का आदान-प्रदान करेंगे। इनमें बांग्लादेश द्वारा भारत के पकड़े गए 95 मछुआरों को भारतीय तटरक्षकबल को सौंपा जाएगा और वहीं, भारत की तरफ से 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश को सौंपे जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों से यह मछुआरे बीते कुछ महीनों के दौरान अकारण ही अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार कर एक-दूसरे के देशों में पहुंच गए थे।

### नए साल के आगाज के साथ प्रभावी हुई 104 कर्मियों की गंगा की एक अतिरिक्त गोमती कंपनी

# 'गंगा' के बाद उसकी सहायक 'गोमती' नदी का जीर्णोद्धार करेगी सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गंगा के बाद उसकी सहायक गोमती नदी के कायाकल्प के लिए परंपरागत सेना (टीए) की एक टुकड़ी युद्धस्तर पर जुट गई है। इसमें 4 जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) और 100 पूर्व सैन्यकर्मियों को मिलाकर कुल 104 कर्मी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ इसका आधार क्षेत्र होगा। सेना ने गुरुवार को बताया कि पूर्व में गंगा नदी की स्वच्छता के लिए नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तहत गठित की गई पहली कंपोजिट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की ही यह एक अतिरिक्त कंपनी होगी। बीते एक जनवरी को सेना की लखनऊ स्थित केंद्रीय कमांड द्वारा हालांकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन कर दिया गया है। लेकिन जनवरी के दूसरे सप्ताह में सेना और केंद्र सरकार द्वारा एक बड़े समारोह के जरिए इसका विधिवत रूप से उद्घाटन किया जाएगा।



**2019 में बनी थी गंगा सैन्य टास्क फोर्स :** सेना के मुताबिक, भारतीय सेना की परंपरागत टुकड़ी ने मई 2019 में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पहली संयुक्त इकोलॉजिकल टास्क फोर्स का गठन किया था। यह कार्य एनएमसीजी के तहत किया गया था और यह दुनिया में किसी देश की नदी की स्वच्छता के लिए पहली बार गठित की गई सैन्य टुकड़ी थी। 137 सीईटीएफ नाम से बनाई गई गंगा टास्क फोर्स की कमान मुख्य रूप से सेना के सेवानिवृत्त कर्मियों के कंधों पर है। यह नदी की स्वच्छता से जुड़े कुछ जरूरी कार्यों को पूरा करते हैं।

#### अधिकतम सहयोग देगी सेना

वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी इस परियोजना के जरिए सेना द्वारा गंगा के बाद अब गोमती को भी अपना अधिकतम सहयोग प्रदान किया जाएगा। सेना ने कहा, गोमती का जीर्णोद्धार लखनऊ के लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। इससे मौजूदा दौर में गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर जारी प्रयासों में भी तेजी देखने को मिलेगी। साथ ही भविष्य में सेना का यह कदम अन्य नदियों और जल स्त्रोतों की स्वच्छता की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल:- 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता :- 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-2459)

**ऑपरेटर/ फार्मासिस्ट**

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, ड्रेसर, नर्सिंग स्टाफ, कुक, गेट कीपर सभी दो पद। सम्पर्क :- राजीव लोचन हास्पिटल चंदखुरी, दुर्ग, (RO-2471)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं, आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर ।(RO-422)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-1024)

**ड्रायवर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ड्रायवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्सगर्ल, डिलेवरी बॉय, हेल्पर, गार्ड अनुभवी लोगों को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार, पण्डरी, रायपुर, मो. 9826183500, 7489770673.(RO-2483)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- एम.बी.बी.एस डाक्टर, आर.एम.ओ. ड्यूटी डाक्टर, आया बाई, आई.सी.यु. स्टाफ, स्टाफ नर्स, रिसेप्सनिष्ट। पता- शिवाय हॉस्पिटल उजाला भवन के सामने संतराबाड़ी - दुर्ग- 9179677384.(आरो -652)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- टाटा ऐस, महेन्द्रा डीआई चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवर लाइसेंस सहित मिलें. कविता पॉलीमर्स, यूनिट- 2,भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, रायपुर, मोबाइल 7828656506.(RO-118)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**पार्सल/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- कोरियर कंपनी को पार्सल डिलीवरी कार्य हेतु 15 लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन 15000+ पेट्रोल एवं अन्य भत्ते, बाइक एवं मोबाइल फोनधारी 11वीं पास संपर्क करें ओम एंटरप्राइजेस जब्बल टॉवर, सिविल लाइन, रायपुर 8770078441, 9826124088.(RO-3802)

**Services सर्विसेस**

झूलाघर - आपके बच्चों के लिए हम लाए हैं सर्व सुविधायुक्त ए सी झूला घर जैन डे बेबी केयर सेंटर शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप के सामने शांति किराया भंडार के ऊपर कालीबाड़ी रायपुर 9827140065. (RO-1650)

**अन्य**

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9034410425.(RO-621)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALI-FICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128. (RO-817)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट उपलब्ध है- केंद्री रेलवे स्टेशन के पास, कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध साइजः 2000 स्क्वेयर फीट से, तुरंत हॉस्पिटल, होटल/लॉज या अन्य कोई कमर्शियल दुकान बनाने हेतु उपयुक्त। संपर्क करें: 9990440140, 9991118972.(RO-3191)

प्लॉट उपलब्ध है- ब्रह्मलोक आश्रम के सामने, कुम्हारी परसदा में TNC अप्रूव्ड कमर्शियल प्लॉट, 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा के साथ उपलब्ध है संपर्क करें: 9990440140, 9991118972.(RO-3192)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

# तुम्हें इंस्पायर करेंगे ये टैलेंटेड बच्चे

बच्चों, पिछले दिनों महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 5 से 18 साल के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। बच्चों को ये पुरस्कार सात कैटेगरीज- बहादुरी, आर्ट एंड कल्चर, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, स्पोर्ट्स और एन्वॉयरनमेंट की फील्ड्स में उल्लेखनीय काम के लिए प्रदान किए गए हैं। इन बच्चों ने क्या विशेष किया, तुम भी जानो।


महामहिम राष्ट्रपति के साथ 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से पुरस्कृत बच्चे

इंस्पिरेशन / डॉ.मोनिका शर्मा

अगर मन में कुछ कर दिखाने का हौसला हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखती, बहुत कम उम्र में भी बड़े-बड़े काम करके अपना नाम रोशन किया जा सकता है। बच्चों, यहां हम तुम्हें ऐसे ही कुछ होनहार बच्चों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्र में कुछ बड़ा किया और अपने देश की राष्ट्रपति के हाथों प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त किया।

**बहादुर बच्चे जिन्होंने बचाई दूसरों की जान:** अपनी जान की परवाह न करके दूसरों की जान बचाने वाले विरले होते हैं, वह भी कोई बच्चा हो तो बहुत बड़ी बात है। बिहार के 9 वर्षीय सौरभ कुमार ने जहां तीन लड़कियों को डूबने से बचाया, वहीं महाराष्ट्र की 17 वर्षीया करीना थापा ने आग लगने के दौरान कई लोगों की जान बचाई। मेघालय के 15 वर्षीय किसन वनियांग ने भी अपनी जान हथेली पर रखकर मावेस्कर नदी में चार बच्चों को डूबने से बचाया। इन सभी बच्चों को उनकी बहादुरी के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


सम्मान प्राप्त करती गोल्डी कुमारी

**खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन:** पश्चिम बंगाल के रहने वाले अनीश सरकार 'फिडे' यानी वर्ल्ड चेस फेडरेशन की टॉप रैंकिंग में स्थान पाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर बने हैं। बिहार के नालंदा की गोल्डी कुमारी ने अपनी शारीरिक अक्षमता पर विजय पाते हुए शॉट-पुट खेल में दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत कई स्टेट और नेशनल लेवल के पुरस्कार जीते हैं। गोल्डी ने थाईलैंड विश्व पैरालंपिक यूथ गेम्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल भी जीता है। पंजाब की रहने वाली नौ साल की सांवी सूद को एवरेस्ट बेस कैंप, अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी, ऑस्ट्रेलिया की भी सबसे ऊंची पर्वत चोटी के साथ ही रूस और ईरान की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 8 साल की उम्र में (जब उसने इन पर्वत चोटियों पर विजय हासिल की थी) दुनिया की कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण पर्वत चोटियों पर विजय पाने वाली सांवी ने भी अपने हौसले से कमाल कर दिखाया। ओडिशा की रहने वाली 15 वर्षीया वेट लिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने 2024 में आईडब्ल्यूएफ यानी इंटरनेशनल वेट लिफ्टिंग फेडरेशन के विश्व युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। प्रीतिस्मिता क्लीन एंड जर्क कैटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली पहली भारतीय बन गई है। वहीं आंध्र प्रदेश के जेसी राज मथरापु क्लासिकल स्केटर हैं। मथरापु ने वर्ल्ड स्केट ओशिनिया क्लासिकल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल सहित 43 से अधिक पदक जीते हैं। दिल्ली के आरव भारद्वाज को मणिपुर में स्थित आईएनए मेमोरियल से दिल्ली तक की 2,612 किलोमीटर की यात्रा (वर्ष 2022 में दस वर्ष की उम्र में) पूरी करने के लिए और बीते वर्ष 2024 में (12 साल की उम्र में) कारगिल विजय दिवस पर, कारगिल युद्ध स्मारक (कश्मीर) से इंडिया गेट (दिल्ली) तक की करीब बारह सौ किलोमीटर की यात्रा साइकिल से पूरी करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया।


पुरस्कार ग्रहण करता अयान साजद

**कला-संस्कृति के क्षेत्र में कायम की मिसाल:** हमारे देश में कला-संस्कृति के क्षेत्र में कुछ बच्चे अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। कश्मीर का 13 साल का सूफी गायक अयान साजद को कश्मीरी संगीत में योगदान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया है। स्पाइनल मस्क्युलर ट्रॉफी नामक जटिल बीमारी से जूझ रही 14 वर्षीया केया हटकर 'डांसिंग ऑन माई व्हील्स' और 'आई एम पॉसिबल' जैसी बेस्टसेलिंग बुक्स की राइटर हैं। साथ ही केया ने डिसेबिलिटी को लेकर अवेयरनेस लाने के उद्देश्य से 'आईएम पॉसिबल' और 'एसएमए-एआरटी' जैसी पहल शुरू की है। केया को अपनी उत्कृष्ट उपलब्धि और उसके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 17 साल के व्यास ओम जिग्नेश, सेरेब्रल पाल्सी जैसे असाध्य रोग के शिकार होने के बावजूद पुरस्कार जीतने वालों में शामिल हैं। गुजरात के रहने वाले जिग्नेश को 'सुंदर कांड' और 'भगवद्गीता' सहित पांच हजार श्लोक मुंह जुबानी याद हैं। जिग्नेश देशभर में संस्कृत साहित्य को लेकर पांच सौ से ज्यादा कार्यक्रम कर चुके हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश की सांची अग्रवाल 8 साल की उम्र में कथक, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और संस्कृत श्लोकों को याद करने में सिद्धहस्त हैं। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी उनके नाम, दो प्रतिष्ठित रिकॉर्ड्स दर्ज हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं की लिस्ट में तमिलनाडु की जनाने नारायणन भी शामिल हैं। 14 वर्षीय नारायणन, हरिकथा कलाकार और डेडिकेटेड कर्नाटक संगीत की स्टूडेंट हैं। जनाने को तमिलनाडु सरकार से भी प्रतिष्ठित कला इल्लमनी पुरस्कार मिल चुका है।


पुरस्कार प्राप्त करती केया हटकर

**इन्होंने किया बहुत अलग:** बच्चों, किसी की जिंदगी को आसान बनाने वाले नए उपकरण बनाना, इनोवेशन के साथ-साथ बहुत ही नेकी का भी काम है। कर्नाटक के 15 वर्षीय सिंधुरा राजा को पार्किंसंस रोगियों की मदद के लिए सेल्फ स्टेबलाइजिंग डिवाइस विकसित करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के 17 साल के ऋषिकेश कुमार ने टेक्निकल दुनिया में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कश्मीर की पहली साइबर सिक्योरिटी फर्म शुरू की है। ऋषिकेश अब एक एंटरप्रेन्योर है। ऋषिकेश ने 'हैकर्स पाठशाला' नाम की अपनी फर्म में अब तक 5,000 से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी है। इतना ही नहीं कल्चरल रिचुअल्स को बढ़ावा देने के लिए 'प्रार्थना' ऐप भी बनाया है। *

## बेमिसाल है छत्तीसगढ़ की हेमवती नाग



बच्चों, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंडागांव की रहने वाली हेमवती ने कठिन हालातों में भी हौसला बनाए रखा। मेहनत और संघर्ष के दम पर खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की दूसरी प्रतियोगिताओं में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल और स्टेट लेवल पर 11 गोल्ड मेडल जीतकर हेमवती ने साबित किया कि खुद को निखारने का जज्बा हो तो, सब कुछ संभव है। अपने पैरेंट्स को खोने के बाद कोंडागांव बालिका गृह में रहने वाली हेमवती 10वीं क्लास में पढ़ती है। हमारे देश की महामहिम राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिलने पर जब प्रधानमंत्री ने यह पूछा कि आगे क्या सोचा है? तब हेमवती ने कहा, 'ओलंपिक खेलों में मेडल जीतना है।' अपने देश का नाम रौशन करने का यह जज्बा कितनी सुंदर सीख देता है ना!

सजेशन / सरस्वती रमेश

बच्चों, नया साल शुरू हो चुका है। क्या तुमने नए साल पर कोई ऐसा रेजोल्यूशन यानी संकल्प लिया है कि यह साल तुम्हें बेहतर बनाए, सक्सेस दिलाए। अगर तुमने ऐसे रेजोल्यूशन नहीं लिए हैं तो जरूर लो।

# नया वर्ष-नए संकल्प



हम सभी नए साल पर कुछ संकल्प लेते हैं, इसके पीछे यही उद्देश्य होता है कि खुद को पुराने साल की तुलना में और बेहतर बनाएं। नए साल में खुद को बेहतर बनाने के लिए कौन-सी बातें, आदतें अपनाकर, इनको अमल में लाने का संकल्प हम लें, जानो-

**नहीं दोहरानी हैं पुरानी गलतियां:** बच्चों, सबसे पहले बीते साल की अपनी उन गलतियों को याद करो, जिनसे तुम्हारा नुकसान हुआ या दूसरों की नजर में तुम्हारा इमेज गलत पड़ा हो। इस साल ऐसी गलती नहीं करने का संकल्प लो। अगर तुम्हारे किसी काम से मम्मी-पापा, टीचर्स या दोस्तों को तकलीफ पहुंची हो, तो इस तरह की गलती भी इस साल नहीं दोहरानी है। यदि मोबाइल की लत, आलस या खेल में ज्यादा टाइम वेस्ट करने की वजह से पिछले साल तुम्हारा रिजल्ट खराब रहा तो बीते साल से सबक लेकर तुम्हें अपनी ये आदतें इस साल सुधार लेनी हैं। इनमें से कोई गलती इस साल रिपीट नहीं करनी है।

**अपनी अच्छी आदतें बनाए रखनी हैं:** जहां तुम्हें पिछले साल की अपनी बुरी आदतें इस साल रिपीट नहीं करनी हैं, वहीं बीते साल में जो अच्छी आदतें अपनाई हैं, अच्छे काम किए हैं, इसे आगे भी करते रहो। किसी की मदद करना, अपने आस-पास के एरिया को साफ-सुथरा रखना, मम्मी-पापा के कामों में हाथ बंटाना, गरीब बच्चों को किताबें या कपड़े उपहार में देना, पेड़-पौधों की देखभाल करना जैसे काम यदि तुमने बीते वर्ष में किए हैं तो इसे जारी रखना है।

**करना है प्रॉपर रूटीन फॉलो:** लाइफ में सक्सेसफुल होने के लिए एक प्रॉपर रूटीन और डिसिप्लिन बहुत जरूरी है। तुम्हें समय से सोना और जागना चाहिए। साथ ही पढ़ाई-लिखाई, होम-वर्क, खाना-पीना, खेल-कूद और अपने बाकी सारे काम सही समय पर, सही ढंग से करने चाहिए। इस साल ऐसा करने का संकल्प जरूर लो।

**हेल्दी डाइट लेना:** आजकल बच्चे अनहेल्दी फास्ट-फूड्स जैसे पिज्जा, चाउमीन, बर्गर आदि खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जो हेल्थ के लिए नुकसानदायक हैं। अगर तुम फिजिकली और मेंटली फिट रहना चाहते हो, तो हेल्दी डाइट खाने का रेजोल्यूशन लो। फास्ट फूड्स से दूर रहो और घर में बना हेल्दी फूड खाने की हैबिट बनाओ। *

## यह रेजोल्यूशन है सबसे जरूरी

बच्चों, यह देखा गया है हम उत्साह में आकर रेजोल्यूशन ले जरूर लेते हैं लेकिन बहुत जल्दी इसे भूल जाते हैं, जबकि रेजोल्यूशन अपने आपमें सुधार लाने के लिए, अपनी सफलता के लिए जरूरी होते हैं। इसलिए जो रेजोल्यूशंस लो, उसमें एक रेजोल्यूशन यह भी लो कि हमने जो रेजोल्यूशंस लिए हैं, उसे पूरा जरूर करेंगे।

कविता / राजा चौरसिया

## नए साल की तुम्हें बधाई



कितना स्वर्णिम अवसर आया
खुशी बहुत मन में है छाई।
इसीलिए तो हम देते हैं
नए साल की तुम्हें बधाई।
हर पल होता मूल्यवान है
वर्तमान की शक्ति-साधना।
फूलो और फलो तुम हंसकर
यही हमारी मनोकानमा।
विद्या धन से बड़ा न कोई
और दूसरा धन होता है।
सजग हमेशा पाए सफलता
मनुज आलसी ही खोता है।

दूध-भात सा मेल परस्पर
रात और दिन बहुत जरूरी।
जीवन में घर से बाहर तक
रहने पाए कोई न दूरी।
पिछली भूलों को भूलें अब
दिल-दिमाग नित रहें टनाटन।
सभी बड़ों का हाव-भाव से
करना है वंदन, अभिवादन।

## जीके क्विज-135

1. अभी हाल ही में किस भारतीय महिला चेस प्लेयर ने विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया?
2. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
3. भारत की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
4. हाल ही में आइसलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. ताजमहल का निर्माण किसने करवाया था?
6. भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू हुआ था?
7. राजधानी दिल्ली किस नदी के तट पर बसा हुआ है?
8. कुचिपुड़ी किस राज्य का लोकनृत्य है?
9. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
10. भारत की सबसे लंबी सुरंग (टनल) कौन-सी है?



बच्चों, जीके क्विज-135 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-134 का उत्तर :** 1.स्मृति मंधाना, 2.नारायण पंडित, 3.अटल बिहारी बाजपेयी, 4.खान अब्दुल गफ्फार खान, 5. 6 वर्ष, 6.हमिंग बर्ड, 7.क्रिकेट, 8.रिजर्व बैंक, 9.ओजोन, 10.कलिंग युद्ध

**जीके क्विज-134 का सही उत्तर देने वाले :** राजेश-अंबिकापुर, कबीर-हिसार, पुष्पा-राजपुर, झरना-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, रोशन-बिलासपुर, अमित-रायपुर, अनीश-दिल्ली, लक्ष्य-रोहतक

कहानी
दिनेश विजयवर्गीय

स्कूल के विंटर वेकेशन में क्या, इसके बाद भी सुमित का अधिकतर समय खेल-कूद में ही बीतता। मम्मी के समझाने का भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। लेकिन एक दिन सुमित के एक फ्रेंड विनीत ने जब खेलने के लिए अपनी ना आने की वजह बताई तो उसकी आंखें खुल गईं। इसके बाद सुमित ने जो संकल्प लिया, मम्मी-पापा भी बहुत खुश हुए।

# नए साल का संकल्प



स्कूल में विंटर वेकेशन के शुरू होने के बाद सुमित पढ़ाई-लिखाई से अधिक खेल-कूद में लगा रहता था। आज भी सुमित सुबह नाश्ता करके पास के पार्क में अपने फ्रेंड्स रोहन, राहुल, विनीत के साथ खेलने के लिए जूते पहन कर जाने को हुआ तो मम्मी ने टोका, 'सुमित, जब से तुम्हारे स्कूल में विंटर वेकेशन शुरू हुआ है, तभी से तुम सुबह-शाम अपने दोस्तों के साथ खेलने चले जाते हो। खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन खेल की वजह से पढ़ाई का नुकसान करना अच्छी बात नहीं है। जरा सोचो, तुम्हारे हाफ ईयरली एग्जाम में मार्क्स कम आए हैं। अगर तुम्हारा यही रूटीन रहा तो तुम्हारे एनुअल एग्जाम में कैसे मार्क्स आएंगे?'

सुमित को खेलने में खूब मजा आता है। उसे मम्मी की बात बहुत कड़वी लगी। मम्मी के टोकने के बाद भी वह खेलने चला गया। किचेन में काम कर रहीं मम्मी सोचती रहीं, 'इसकी जितनी रुचि खेल में है, उतनी पढ़ाई में हो तो कितना अच्छा हो! जरूर क्लास में अच्छी पोजिशन आएगी।'

मम्मी किचेन के काम निपटाकर नहाने जा रही थीं कि सुमित मुंह लटकाए वापस लौट आया। उसे देख मम्मी चौंकीं, 'अरे! इतनी जल्दी आ गए! आज खेले नहीं क्या?'

'आज मेरे फ्रेंड्स खेलने नहीं आए, पता नहीं क्यों? हो सकता है शाम को आएं।' कहते हुए सुमित अनमने ढंग से अपने कमरे में जाकर कोर्स की एक किताब लेकर पढ़ने बैठ गया।

मम्मी भी नहा-धोकर खाने की तैयारी करने लगीं। सुमित को पढ़ता देख वह बोलीं, 'अगले माह टेस्ट है बेटा, उसकी तैयारी में जोर-शोर से जुट जाओ।'

इसी बीच सुमित का फ्रेंड विनीत आ गया। उसे देख वह अपने रूम से बाहर आ गया। सुमित ने विनीत से पूछा, 'आज खेलने क्यों नहीं आए? रोहन, राहुल भी क्यों नहीं आए खेलने?'

'सुमित, जनवरी के दूसरे वीक में टेस्ट होने वाले हैं। उसकी भी तो तैयारी करनी है, तभी अच्छे मार्क्स आएंगे। इसलिए खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। रोहन, राहुल और मैंने सुबह खेलना बंद कर दिया है। बस शाम को ही खेलेंगे। हमारे मम्मी-पापा इस डिसीजन से बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का मुख्य काम पढ़ना है। खेलकूद बाद की बातें हैं।' विनीत ने कहा।

'ओह, अच्छा..!' सुमित ने कुछ सोचते हुए कहा।

विनीत ने अपनी बात जारी रखी, 'सुमित, अब तुम भी पढ़ाई में ध्यान दो। तुम्हारे तो हाफ ईयरली एग्जाम में भी मार्क्स कम आए थे। इसलिए अब रेग्युलर पढ़ाई में लग जाओ।' कुछ देर इसी तरह की और बातें कर, विनीत शाम को खेलने की बात कह अपने घर चला गया।

सुमित के मम्मी-पापा भी विनीत की बातें सुनकर मन ही मन उसकी समझदारी पर प्रसन्न हुए। पापा ने सुमित को समझाया, 'देखो बेटा सुमित! तुम्हारे फ्रेंड ने कितनी अच्छी बात कही। पहले पढ़ाई, बाद में खेलकूद। अब तुम सोचो, जब तुम पढ़ोगे तभी बेहतर परफॉर्म कर पाओगे, अच्छे मार्क्स आएंगे। इससे तुम्हारा करियर भी सही दिशा में आगे बढ़ेगा, संवरेगा।'

'रोज नियम से पढ़ोगे तो टीचर्स की निगाह में भी एक अच्छे पढ़ने वाले बच्चे साबित होगे। सभी तुम्हें पसंद करेंगे।' मम्मी ने भी पापा की बात में अपनी बात जोड़ी।

सुमित पर पापा-मम्मी और विनीत की बात का अच्छा असर हुआ, वह बोला, 'ठीक है पापा-मम्मी, मैं आप दोनों की बातें समझ गया। मैंने सोचा है कि अब मैं ऐसा ही करूंगा, जैसा आप लोग कह रहे हैं।'

'बेटा, बात सोचने की नहीं, संकल्प करने और इस संकल्प को अमल में लाने की है।' पापा बोले।

दो दिन बाद नए साल का पहला दिन आया। सुबह-सुबह सुमित ने अपने मम्मी-पापा के पैर छू कर कहा, 'मैं संकल्प लेता हूं कि आज से मैं रेग्युलर मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। पहले पढ़ाई फिर खेलकूद।'

'शाबाश बेटा! हमारा आशीर्वाद है, तुम्हारा यह संकल्प पूरा हो और तुम पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाओ।' पापा ने कहा। मम्मी भी सुमित के संकल्प से खुश हुईं, उसे गले लगा कर नए वर्ष की बधाई दी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में

बढ़ा हुआ बोझ नहीं, खुशियां हों बस्ते में।
शूल नहीं फूल मिले, हमको हर रस्ते में।
बंधन से दूर बने पाठशाला मस्ती की
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
खेल भी जरूरी हो, विषय-विषय न भटकें।
रोज नई राह मिले, जिसमें कभी न अटकें।
खुला आसमान रहे, मस्ती की चाल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
सपनों का महल बने, टूटने न पाए
लक्ष्य तक पहुंच जाएं, छूटने न पाए।
सुखमय माहौल बने, फंसें नहीं जाल में।
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
सफल हों परीक्षण सब, यह सबकी इच्छा है।
देश को बनाने में, अपनी परीक्षा है।
पहुंचे उस मंजिल तक, नए सुर-ताल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
इक्कीसवीं सदी अपनी, करके सच दिखाना है
उनकी क्यों फिक्र करें, जिन्हें आजमाना है।
लक्ष्य साफ-सुथरा हो, जीतें हर हाल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.बाईं तरफ पेड़ के ऊपर से म्यूजिक का सिंबल गायब है। 2.एकदम बाईं तरफ खड़ी लड़की की स्कर्ट प्रिंटेड है। 3.हैट वाले लड़के की बाईं आंख खुली हुई है। 4.बीच में खड़े लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 5.दाएं से सेकेंड नंबर पर खड़ा लड़का हंसने के बजाय स्माइल कर रहा है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की के सॉक्स की लेंथ ज्यादा है।

## रास्ता बताओ

बच्चों, सचिन को अपने एक फ्रेंड की बर्थडे पार्टी में शामिल होना है, लेकिन वह पार्टी वाले प्लेस तक पहुंचने का रास्ता ही भूल गया है। बच्चों, सचिन की मदद करो, वह किस रास्ते से बर्थडे पार्टी में जल्दी पहुंचे?



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ ट्वॉय का चित्र दिया गया है। उसके बगल में चार परछाइयां दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि ट्वॉय के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




**उत्तर :** B

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड ने दिसंबर में 16,957 इकाई वाहन बेचे



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की दिसंबर 2024 में कुल बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 16,957 इकाई हो गयी। दिसंबर 2023 में उसने 16,154 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा, घरेलू बिक्री दिसंबर 2023 की 15,153 इकाई से चार प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 15,713 इकाई हो गई।

### टीवीएस मोटर की बिक्री में सात फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की दिसंबर, 2024 में कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,21,687 इकाई हो गई। दिसंबर, 2023 में कंपनी ने 3,01,898 वाहन बेचे थे। पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 3,12,002 इकाई हो गई, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 2,90,064 इकाई थी।

### पीएनबी का ऋण वितरण तीसरी तिमाही में बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में ऋण वितरण 15 प्रतिशत बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपये हो गया। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक कुल अग्रिम 9.67 लाख करोड़ रुपये था।

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी

ROYAL ENFIELD

**नई दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड की दिसंबर, 2024 में कुल बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 79,466 इकाई हो गई। दिसंबर, 2023 में कंपनी ने 63,387 वाहन बेचे थे। 19 प्रतिशत बढ़कर 67,891 इकाई हो गई, जो दिसंबर, 2023 में 57,291 इकाई थी।इसी तरह निर्यात भी पिछले महीने 90 प्रतिशत बढ़कर 11,575 इकाई हो गया, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 6,096 इकाई था।

### इस साल तंबाकू निर्यात 13 हजार करोड़ पार पहुंचेगा



**नई दिल्ली।** देश का तंबाकू निर्यात में इस साल आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना वृद्धि के साथ 13,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने का अनुमान है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि तंबाकू बोर्ड ने किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद के लिए कई कदम उठाए हैं।

### नैसकॉम फाउंडेशन ने शर्मा को नियुक्त किया सीईओ

NASSCOM® FOUNDATION

**नई दिल्ली।** नैसकॉम फाउंडेशन ने ज्योति शर्मा को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभाल लिया है। कंपनी बयान के अनुसार, निधि भसीन का स्थान लेने वाली शर्मा के पास सामाजिक प्रभाव को आगे बढ़ाने और कार्यक्रम विकास, संसाधन जुटाने और हितधारक जुड़ाव में अग्रणी भूमिका निभाने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# बैंकों ने खींचे हाथ, लगातार पांचवें महीने लोन देने की वृद्धि दर गिरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकों के रवैये से अर्थव्यवस्था पर लाल बत्ती जल सकती है। बैंक लोन देने से हाथ खींच रहे हैं। इस कारण नवंबर महीने में लगातार पांचवें महीने लोन देने की वृद्धि दर में गिरावट देखी गई।

- साल भर पहले इसी माह यह 22.2 फीसदी थी

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में सर्विस सेक्टर को दिए लोन की वृद्धि दर 14.4 फीसदी रह गई। जो सालभर पहले इसी महीने में 22.2 फीसदी थी। यह नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों की ओर से दिए जाने वाले लोन में कम ग्रोथ के कारण भी है। आंकड़े पर्सनल और अनसिक्योर्ड लोन में गिरावट भी दिखा रहे हैं। बैंकों द्वारा दिए लोन में पिछले साल के नवंबर महीने की तुलना में 11.8 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। जो 2023 के नवंबर में उससे पहले के साल की तुलना में 16.5 फीसदी था। यह स्थिति तब है जब एचडीएफसी बैंक के उसके मूल होल्डिंग में मर्जर के असर को शामिल नहीं किया गया है।

## नवंबर में सर्विस सेक्टर की लोन वृद्धि दर 14.4 फीसदी रह गई

### बैंकों के लोन नवंबर में केवल 10.6 फीसदी बढ़े

अगर इस असर को भी शामिल कर लिया जाए तो बैंकों के लोन नवंबर में केवल 10.6 फीसदी बढ़े। इसकी अगर 2023 के नवंबर महीने से तुलना की जाए तो उस समय 21 फीसदी की उछाल थी। मर्जर को हटाकर अक्टूबर में ग्रोथ रेट में 12.8 फीसद पर अटक गया। अगर मर्जर के असर को शामिल कर लिया जाए तो यह 11.5 फीसदी से ज्यादा नहीं है।



### रिजर्व बैंक ने जताई है चिंता

रिजर्व बैंक ने भी पर्सनल लोन और असुरक्षित लोन में गिरावट पर चिंता जताई है। इस कारण बैंक और नॉन बैंकिंग कंपनियों को रिस्क वेट के लिए और भी पूंजी सुरक्षित रखने के लिए कहा गया है।

### पर्सनल लोन ग्रोथ में 12.2 फीसदी की गिरावट

एचडीएफसी बैंक के मर्जर के असर को हटाकर बैंकों के पर्सनल लोन ग्रोथ 22.4 फीसदी से गिरकर 12.2 फीसदी के स्तर पर आ गए। वहीं क्रेडिट कार्ड का बकाया 34.2 फीसदी से घटकर 18.1 फीसदी पर आ गया है। असुरक्षित खुदरा लोन का ग्रोथ रेट भी घटकर सितंबर 2021 के 27 फीसदी से घटकर सितंबर 2024 में 15.6 फीसदी पर आ गया है।

## सेबी ने फ्रंट रनिंग योजना का किया भंडाफोड़

# सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में नौ इकाइयों पर लगाई रोक, 21 करोड़ की अवैध कमाई की जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था।

पीएनबी मेटलाइफ ने इस संदर्भ में जारी एक बयान में कहा है कि उसने जांच के दौरान सेबी के साथ पूरा सहयोग किया और इस मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की है। कंपनी ने बयान में कहा, 'अपनी आंतरिक प्रक्रिया के तहत हमने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मेटलाइट कंपनी संचालन और पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुपालन करती है।'




- अवैध कमाई में पीएनबी मेटलाइफ शामिल
- शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई
- फ्रंट रनिंग से आशय अग्रिम सूचना पर बाजार में लेन-देन करना

### फ्रंट रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही

'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। मामले से संबंधित इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही।

### इकाईयों को बाजार से प्रतिबंधित किया गया

सेबी ने हाल ही में जारी एक अंतरिम आदेश में सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी।

### फ्रंट रनिंग के 6766 मामले आए सामने

सेबी ने कहा कि डीआरपीएल, डब्ल्यूडीपीएल और प्रणेश सांघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग के 6,766 मामले सामने आए। इन इकाइयों ने इस तरह से 21,15,78,005 रुपये का अवैध लाभ कमाया। सेबी ने कहा कि इन इकाइयों के खातों में फ्रंट रनिंग गतिविधियों का सिलसिला तीन साल से अधिक समय तक चला।

### जांच की अवधि 2021 से 2024 रही

जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

### जांच का मकसद मिलीभगत का पता लगाना रहा

जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों और/या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था।

# ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्ती बढ़ी

- दिसंबर के दौरान नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई



एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों (व्हाइट-कॉलर) की भर्ती में दिसंबर में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह उच्च कौशल तथा रणनीतिक भूमिकाओं से प्रेरित रही।

नौकरी जॉबस्पीक के अनुसार, सूचकांक दिसंबर, 2024 में 2,651 अंक तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। यह आने वाले वर्ष के लिए एक आशाजनक संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया, दिसंबर, 2024 में सबसे अधिक 36 प्रतिशत भर्ती कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग क्षेत्र में हुई। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ तेल व गैस, 12 प्रतिशत के साथ दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और 12 प्रतिशत के साथ ही 'हेल्थकेयर' का स्थान रहा। इसमें कहा गया, शीर्ष 10 शहरों में 10 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।

नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, भारत का नौकरी बाजार 2025 में जोश के साथ प्रवेश कर रहा है, जो कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग में वृद्धि और रचनात्मक क्षेत्रों द्वारा संचालित है। नए पेशेवरों की भर्ती में उछाल और 'सी-सूट' (शीर्ष पदों पर) भूमिकाओं में बदलाव से पता चलता है कि हम अधिक गतिशील परिदृश्य में बदल रहे हैं।

### नई प्रतिभाओं को जोड़ा जा रहा

एफएमसीजी जैसे पारंपरिक क्षेत्र इस विकास को अपना रहे हैं, जिसमें नई प्रतिभाओं को रणनीतिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ा जा रहा है।

# सोना 330 रुपए मजबूत चांदी में 130 रुपए की तेजी

- सोना बढ़कर 79,720 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बुधवार को सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

बृहस्पतिवार को चांदी भी 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 78,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद से 330 रुपये बढ़कर 79,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।



### रुपए की कमजोरी से तेजी को बढ़ावा

त्रिवेदी ने कहा, "रुपये की कमजोरी से इस तेजी को और बढ़ावा मिला। अंतरराष्ट्रीय मजबूती और मुद्रा की गतिशीलता के संयोजन ने सोने के लिए तेजी की भावना को मजबूत किया है।" विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 8.50 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,649.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## देश में बिजली की खपत दिसंबर में छह फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत दिसंबर में सालाना आधार पर लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 130.40 अरब यूनिट पर पहुंच गई। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में बिजली की खपत 123.17 अरब यूनिट थी। एक दिन में उच्चतम आपूर्ति यानी अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति भी दिसंबर, 2024 में बढ़कर 224.16 गीगावाट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 213.62 गीगावाट थी। देश में मई, 2024 में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, सितंबर, 2023 में बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 243.27 गीगावाट रही थी। सरकारी अनुमान के मुताबिक, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।

# सेबी की जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ कार्यवाही जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- फिर से कारण बताओं नोटिस जारी करेगा
- कंपनी ने सूचीबद्धता मानदंड़ों का उल्लंघन किया

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सूचीबद्धता मानदंडों के कथित उल्लंघन को लेकर जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. के खिलाफ जांच जारी रखे हुए है और इस मामले में संस्थापक चेयरमैन सुभाष चंद्रा और उनके बेटे पुनीत गोयनका को नया कारण बताओ नोटिस भेजेगा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के न्याय निर्णय से जुड़े अधिकारी ने पारित आदेश में कहा है कि उन्हें जारी किए गए पहले कारण बताओ नोटिस (एससीएन) की बातें को भी नये नोटिस में शामिल किया जाएगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और उसके शीर्ष प्रबंधक खुलासा नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर सेबी की जांच के दायरे में है। उन्हें इससे पहले जुलाई, 2022 में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जुलाई, 2022 के कारण बताओ नोटिस के बाद, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और पुनीत गोयनका ने सेबी के पास निपटान आवेदन दायर किया था। कार्यवाही के निपटान के आवेदन को सेबी के पूर्णकालिक सदस्यों के एक पैनल ने खारिज कर दिया था और मामले को आगे की जांच के लिए बाजार नियामक के पास भेज दिया गया था।

### मामला आगे की जांच के लिए भेजा गया

आदेश में कहा गया, "इस संबंध में, यह देखा गया है कि मामले में जांच पूरी होने के बाद सक्षम प्राधिकारी ने सेबी अधिनियम 1992 की धारा 11बी के तहत नोटिस प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ मामला आगे बढ़ने का निर्णय लिया।" धारा 11बी नोटिस जारी करने और जुर्माना लगाने की सेबी की शक्तियों से संबंधित है।

# जिस फेरो स्क्रैप कंपनी में काम किया उसी में सीईओ बनकर आ रहे दीक्षित

**भिलाई।** बीएसपी का सहयोगी उपक्रम के रूप में काम करने वाले फेरो स्क्रैप निगम को अगले दो साल के लिए जापानी कंपनी कोनाइके ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। 320 करोड़ में इस सौदे में अगले दो वर्षों के लिए 1 हजार करोड़ में अनुबंध हुआ।

इस जापानी कंपनी ने फेरो स्क्रैप में करीब 10 साल तक असिस्टेंट मैनेजर के रूप में काम करने वाले सुनील दीक्षित को सीईओ को जिम्मेदारी सौंपी है। दीक्षित की इतनी लंबी छलांग से सभी हतप्रभ हैं। दीक्षित मूल रूप से रायपुर और भिलाई के रहने वाले हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रायपुर के मल्टीपरपस स्कूल में हुई। वहीं से उन्होंने एक साल का तकनीकी कोर्स किया। इसके बाद एनआईटी रायपुर से ही बैचलर्स की डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने पहली ज्वाइनिंग फेरो स्क्रैप निगम बीएसपी भिलाई में असिस्टेंट मैनेजर के रूप में ली। इसके बाद वे लगातार कंपनी बदलते रहे। आज वे कोनाइके प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ बनकर भिलाई आ रहे हैं। उनके अलावा पूर्व अधिकारियों में डिजाइन एंड ड्राइंग सेक्शन से पीडी स्वर्णकार और फाइनेंस से मित्रा भी कंपनी में अधिकारी बनकर आने वाले हैं।



- जापानी कंपनी कोनाइके ट्रांसपोर्ट ने किया नियुक्त
- कंपनी ने फेरो स्क्रैप में काम करने की तैयारी शुरू की
- नेहरू नगर में दफ्तर खोला दीक्षित जल्द लेंगे चार्ज

### निजीकरण को लेकर मचे बवाल का निपटारा बड़ा चैलेंज

सुनील दीक्षित के लिए भिलाई में निजीकरण को लेकर हो रहे विरोध को निपटाना एक बड़ा चैलेंज है। बीएसपी की लगभग सभी यूनियनें केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध कर रही हैं। 24 अक्टूबर 2024 को केंद्र सरकार ने कोनाइके ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट किया। करीब 320 करोड़ में यह अनुबंध हुआ है। यूनियनों का आरोप है कि करीब 1 हजार करोड़ के निगम को महज 320 करोड़ रुपए बेचा गया है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में गिरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर 56.4 पर आ गई। नए ऑर्डर तथा उत्पादन की धीमी गति इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) दिसंबर में 56.4 रहा जो नवंबर में 56.5 था। यह परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार का संकेत देता है। गिरावट के बावजूद इसका 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहना मजबूत वृद्धि दर का संकेत देता है।



- वृद्धि दर घटकर 56 .4 फीसदी पर आई
- दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर पर

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। भारत की विनिर्माण गतिविधि ने 2024 में एक मजबूत वर्ष का समापन किया।

***कच्चे माल की मूल्य वृद्धि मध्यम रही***

*हालांकि, मासिक आधार पर कच्चे माल की मूल्य मुद्रास्फीति की दर ऐतिहासिक मानकों के अनुसार मध्यम रही। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।*

## सीआईआई की एक्जिम समिति के चेयरमैन ने कहा, प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही

# भारतीय निर्यातक नगदी संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय निर्यातक उच्च ब्याज दरों तथा निर्यात वित्त में गिरावट के कारण नगदी संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, जिसका असर उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर पड़ रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात-आयात (एक्जिम) पर राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि इन मुद्दों से निपटने के लिए सरकार तथा बैंकों को मिलकर प्रभावी समाधान निकालना होगा। बुधिया ने सुझाव दिया कि सरकार को एमएसएमई सहित सभी विनिर्माण निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना को तीन साल के लिए बढ़ा देना चाहिए।

- मुद्दों से निपटने सरकार और बैंकों को समाधान निकालना होगा




### योजना को पांच साल बढ़ाया जाए : फियो

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने भी मांग की कि सरकार आगामी बजट में इस योजना को पांच साल के लिए बढ़ाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी को बजट पेश करेंगी।

### बीमा कवर 100 करोड़ तक बढ़ाया जाए

चेयरमैन ने कहा कि भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) वर्तमान में 50 करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा वाले निर्यातकों के लिए 90 प्रतिशत बीमा 'कवर' प्रदान करता है। उन्होंने कहा, " इस कवरेज को 100 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है।

### सीमित विस्तार से विनिर्माता रहेंगे नुकसान में

बुधिया ने कहा कि योजना का दीर्घावधि तक विस्तार एक महत्वपूर्ण कदम होगा, क्योंकि इसके सीमित विस्तार से भारतीय विनिर्माता नुकसान में रहेंगे। बुधिया ने कहा, " निर्यातक वास्तव में नगदी के मोर्चे पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उच्च ब्याज दरें तथा निर्यात वित्त में गिरावट से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो रही है।"

***ब्याज सब्सिडी पांच फीसदी करने की मांग***

*एमएसएमई निर्यातक जो भारत के निर्यात परिदृश्य की रीढ़ हैं, उन्हें पूर्व तथा पश्चात निर्यात ऋण के लिए ब्याज सब्सिडी को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत करने से बहुत लाभ होगा। खासकर चमड़ा, परिधान तथा रत्न व आभूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में..।*

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**
**पांचवे और अंतिम मैच का प्रसारण सुबह 5 बजे से**

# रोहित सिडनी टेस्ट से होंगे बाहर! भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट का सामना नहीं कर पाने के अलावा अपनी कप्तानी को लेकर आलोचना झेल रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनका कॅरियर निराशाजनक अंत की ओर बढ़ता दिख रहा है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि शुक्रवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट मैच के लिए टीम में उनकी जगह भी पक्की नहीं है। मेलबर्न की तरह ही यहां रोहित नेट्स पर अभ्यास के लिए आखिर में उतरे। इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह पुष्टि करने से इनकार किया कि शुक्रवार की सुबह टॉस के लिए रोहित आएंगे या नहीं।

गंभीर ने रोहित के खेलने को लेकर पूछे गए सवाल पर इतना ही कहा, 'हम पिच को देखने के बाद अंतिम एकादश के बारे में फैसला लेंगे।' अगर ऐसा होता है तो रोहित खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किए जाने वाले पहले कप्तान होंगे। वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके हैं। महेंद्र सिंह धोनी और अनिल कुंबले ने श्रृंखला के बीच में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था क्योंकि उनका शरीर पांच दिनी क्रिकेट और खेल पाने की इजाजत नहीं दे पा रहा था। रोहित के मामले में उन्हें फॉर्म के आधार पर बाहर किया जाएगा क्योंकि गंभीर ने साफ तौर पर कहा है कि प्रदर्शन के आधार पर ही कोई भी खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम में बने रह सकता है। अगर रोहित शुक्रवार को टॉस के लिए नहीं आते हैं तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने इस सप्ताह एमसीजी पर अपना आखिरी टेस्ट खेल लिया।



## 'ईमानदारी' से की बातचीत : गंभीर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की 'बहस' सार्वजनिक नहीं होनी चाहिये और उन्होंने खिलाड़ियों से 'ईमानदारी' से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में रख सकता है। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। गंभीर ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कोच और खिलाड़ी के बीच की बात ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिए। तल्ख शब्द। ये सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। जब तक ईमानदार लोग ड्रेसिंग रूम में हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। आपको एक ही चीज ड्रेसिंग रूम में रख सकती है और वह है प्रदर्शन। ईमानदारी से बात कही गई और ईमानदारी महत्वपूर्ण है।'

## शुभमन को मिलेगा मौका



गंभीर ने अंतिम एकादश का खुलासा नहीं किया लेकिन ऐसे संकेत हैं कि भारतीय टीम तीसरे नंबर पर शुभमन गिल को उतार सकती है। गंभीर ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'भारतीय क्रिकेट में बदलाव का यह दौर सुरक्षित हाथों में है जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग हैं। ड्रेसिंग रूम में बने रहने का एकमात्र मानदंड प्रदर्शन है।'

## कोच पंत से नाराज

ऐसी खबरें हैं कि गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत पर भी गंभीर ने गुस्सा निकाला है। ऐसी अटकलें हैं कि सिडनी टेस्ट में पंत की जगह ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। पंत को अगर बाहर किया जाता है तो 1984 के इंग्लैंड दौरे की याद ताजा हो जाएगी जब खराब शॉट खेलने के कारण विकेट गंवाने वाले महान हरफनमौला कपिल देव को सबक सिखाने के लिए टीम से बाहर किया गया था।

## मार्श बाहर, वेबस्टर शामिल

हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे



मिचेल मार्श की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में रखा गया है। मेजबान कप्तान पैट कमिंस ने यह जानकारी दी। तैंतीस वर्ष के मार्श चार टेस्ट की सात पारियों में 73 रन ही बना सके हैं। उन्होंने अब तक महज 33 ओवर गेंदबाजी करके तीन विकेट लिए। कमिंस ने कहा, ' हमारी टीम में एक बदलाव है। मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर खेलेंगे। मिचेल को पता है कि उसने रन नहीं बनाए हैं।'

## चोटिल आकाश दीप आखिरी टेस्ट से बाहर

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप कमर में जकड़न के कारण शुक्रवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें



और आखिरी टेस्ट से बाहर हो गए। आकाश ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में दो टेस्ट खेलकर पांच विकेट लिए हैं। वह बदकिस्मत रहे कि उनकी गेंदबाजी के दौरान दोनों मैचों में कैच छूटे। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'आकाश दीप कमर की तकलीफ के कारण बाहर है।'

**क्रिकेट**

# बुमराह 52 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ छह विकेट दूर



**एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट**

| खिलाड़ी | टेस्ट | विकेट | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| बीएस चन्द्रशेखर | 5 | 35 | इंग्लैंड | 1972-73 |
| वीनू मांकड़ | 5 | 34 | इंग्लैंड | 1951-52 |
| सुभाष गुप्ते | 5 | 34 | न्यूजीलैंड | 1955-56 |
| कपिल देव | 6 | 32 | पाकिस्तान | 1979-80 |
| हरभजन सिंह | 3 | 32 | ऑस्ट्रेलिया | 2000-01 |
| आर अश्विन | 4 | 32 | इंग्लैंड | 2020-21 |
| बिशन सिंह बेदी | 5 | 31 | ऑस्ट्रेलिया | 1977-78 |
| आर अश्विन | 4 | 31 | द.अफ्रीका | 2015-16 |
| जसप्रीत बुमराह | 4 | 30 | ऑस्ट्रेलिया | 2024-25 |

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के घातक गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया है। बुमराह इस सीरीज में फिलहाल सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में टॉप पर हैं। अब उनके पास एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बुमराह भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। लेकिन उन्हें इसके लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में कमाल दिखाना होगा।

■ भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का बनेगा रिकॉर्ड

बुमराह ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के 4 मैचों में 30 विकेट झटके हैं। वे सीरीज में विकेट लेने के मामले में टॉप पर हैं। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस हैं। कमिंस और बुमराह के बीच फिलहाल 10 विकेट का फासला है। कमिंस ने 4 मैचों में 20 विकेट लिए हैं। जबकि मोहम्मद सिराज ने 16 विकेट लिए हैं। अब बुमराह इतिहास रचने के करीब हैं। दरअसल भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बीएस चन्द्रशेखर के नाम दर्ज है। उन्होंने 1972-73 में खेली 5 मैचों की सीरीज में 35 विकेट झटके थे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वीनू मांकड़ और सुभाष गुप्ते हैं। इन दोनों ने 34-34 विकेट लिए थे। अब बुमराह इन सभी को पीछे छोड़ सकते हैं। बुमराह को इसके लिए टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में 6 विकेट लेने होंगे। बुमराह ने अगर 6 विकेट ले लिए तो वे 52 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

**खबर संक्षेप**



### श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं कमिंस

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस महीने के आखिर में श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं। आस्ट्रेलिया को श्रीलंका में 29 जनवरी और छह फरवरी से दो टेस्ट खेलने हैं। उसी समय कमिंस की पत्नी बेकी बच्चे को जन्म देने वाली है। कमिंस ने कहा, 'अभी दिन पता नहीं है लेकिन यह तय है (मैं श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकता हूं)।' उनकी गैर मौजूदगी में स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे।

### भारत-पाक मैचों का सभी को इंतजार : वाटसन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जा पाने को



'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। वॉटसन ने साथ ही ये भी कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार बल्लेबाजों को लंबे समय से चले आ रहे खराब फॉर्म से उबरने का मौका मिलेगा। वाटसन ने यहां चैंपियंस ट्रॉफी टूर के दौरान मीडिया से कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हालात बने। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारत-पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो यह खास होता है।'

**उपलब्धि**

## 'चंदू चैंपियन' को मेडल जीतने के 52 साल बाद मिलेगा 'अर्जुन अवॉर्ड'




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक और पैरालंपिक में देश का परचम लहराने वाले 4 खिलाड़ी इस साल मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किए जाएंगे। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को 2024 के खेल अवॉर्ड्स का ऐलान किया।

अवॉर्ड्स पाने वालों की लिस्ट में एक नाम ऐसा भी है, जिस पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है। चंदू चैंपियन के रियल कैरेक्टर मुरलीकांत पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम) दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने जैसे ही अवॉर्ड लिस्ट जारी की, वैसे ही मुरलीकांत पेटकर का नाम भी ट्रेंड करने लगा। उनका नाम अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम) पाने वालों में शामिल है।

मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में गोल्ड जीता था। भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 में गोलियां लगने से विकलांग हुए पेटकर पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है।

### भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का वादा



**नई दिल्ली।** शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश ने गुरुवार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का वादा किया। गुकेश हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जब उन्होंने चीन के डिंग लिरेन को हराया। वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। गुकेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने पर वास्तव में आभारी हूं और विनम्र महसूस कर रहा हूं। आपके शब्दों और मार्गदर्शन ने मुझे हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया है। मैं वादा करता हूं की शतरंज की बिसात और उसके बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखूंगा। आपके निरंतर समर्थन के लिए माननीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया जी को धन्यवाद।'

## रित्विक ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से बाहर, बालाजी की जोड़ी भी हारी

**ब्रिस्बेन।** एटीपी सर्किट में लगातार प्रगति कर रहे भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और रोबिन हासे की जोड़ी गुरुवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई। भारत और नीदरलैंड की यह जोड़ी 12 जनवरी से शुरु होने वाले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले आयोजित इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में रिंकी हिजिकाता और जेसन कुबलर 65 मिनट में 4-6, 2-6 से हार गई। बोलीपल्ली मेलबर्न में अपना मेजर पदार्पण करेंगे। एन श्रीराम बालाजी और मिगुएल रेयेस वारेला की जोड़ी को शुरुआती दौर में मैनुअल गुईनार्ड और आर्थर रिंडर्कनेच से 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय युकी भांबरी फ्रांस के अपने जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ हांगकांग टेनिस ओपन के क्वार्टरफाइनल में कारेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव की जोड़ी से 4-6, 6-7(5) से हार गए। एकल में सुमित नागल कैनबरा में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में अमेरिकी क्वालीफायर पैट्रिक किपसन से 6-2, 4-6, 1-6 से पराजित हुए।



### भारतीय महिला टीम ने मालदीव को 11-1 से रौंदा

**बेंगलुरु।** पदार्पण में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फॉरवर्ड लिंगडेकिम ने चार गोल दागे जिसकी बदौलत भारतीय महिला टीम ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे फीफा मैत्री मुकाबले में मालदीव पर 11-1 से शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में मेजबान टीम ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 14-0 से रौंद दिया था। लिंगडेकिम ने (12वें, 16वें, 56वें और 59वें मिनट) प्रत्येक हाफ में दो दो गोल किये जबकि मुकाबले में पदार्पण करने वाली एन सिबानी देवी ने (45+1वें मिनट) भी एक गोल किया। मैच में अन्य गोल काजोल डिसूजा (15वें मिनट), पूजा (41वें मिनट), सिमरन गुरुंग (62वें और 68वें मिनट) और खुमुकचाम भूमिका देवी (71वें मिनट) ने दागे। मालदीव के लिए एकमात्र गोल मरियम रिफा ने 27वें मिनट में किया।

# परेरा के शतक से जीता श्रीलंका श्रृंखला 2-1 से न्यूजीलैंड के नाम

एजेंसी ▶▶| नेलसन




कुसल परेरा ने टी20 क्रिकेट में श्रीलंका के लिए सबसे तेज शतक लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में अपनी टीम को न्यूजीलैंड पर सात रन से जीत दिलाई। परेरा के 44 गेंद में शतक और कप्तान चरित असालांका के साथ शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जो टी20 में उसका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

न्यूजीलैंड ने पहले दो मैच जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 211 रन ही बना सकी जिसमें रचिन रविंद्र ने 39 गेंद में 69 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 22 रन की जरूरत थी। पहली तीन गेंद पर छह रन लेने के बाद जाक फोक्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया। आखिरी दो गेंद पर न्यूजीलैंड को 10 रन की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज तीन रन ही बना सके।

# मैक्सवेल ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच बेटर-फिल्डर, कमेंटेटर सब हैरान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न




बुधवार को बिग-बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और ब्रिस्बेन हीट की आमने-सामने थी। इस मुकाबले मेलबर्न स्टार्स के ग्लेन मैक्सवेल ने हैरतअंगेज कैच पकड़ा। ग्लेन मैक्सवेल के कैच पर क्रिकेट फैंस को यकीन नहीं रहा है। इसके अलावा बल्लेबाज समेत गेंदबाज हैरान रह गए। इस दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने गजब का एथलिटिज्म और टाइमिंग दिखाया। मैक्सवेल के कैच को बैग-बैश इतिहास के सबसे बेहतरीन कैच में गिना जा रहा है। जब मैक्सवेल ने कैच पकड़ा उसके बाद कमेंटेटर यकीन नहीं कर पा रहे थे।

यह वाक्या ब्रिस्बेन हीट की पारी के 17वें ओवर का है। मेलबर्न स्टार्स के लिए डेन लॉरेंस गेंदबाजी कर रहे थे। डेन लॉरेंस की गेंद पर विल प्रिसविज ने शानदार शॉट खेला। ऐसा लग रहा था कि गेंद छक्के के लिए बाउंड्री पार चली जाएगी, लेकिन बीच में ग्लेन मैक्सवेल आ गए। पहले ऐसा लगा कि मैक्सवेल छक्का तो बचा लेंगे, लेकिन कैच नामुमकिन है। बहरहाल मैक्सवेल ने हैरतअंगेज कैच से सबको हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर मैक्सवेल का कैच तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## आस्ट्रेलिया की नजरें सिडनी टेस्ट जीतने पर

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आएगी। आस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014-15 के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कमिंस ने कहा, 'श्रृंखला में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है।'

## पर्वतारोहण को बढ़ावा देने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा पुरुष पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने सरकार से देश में पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने तथा प्राकृतिक आपदाओं से परे पर्वतारोहियों के योगदान को महत्व देने की बात कही। यादव (30 वर्ष) सात चोटियों पर चढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन मैसिफ पर चढ़ाई की जिसमें माइनस 52 डिग्री सेल्सियस तक के न्यूनतम तापमान का सामना करते हुए उन्होंने सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर जीत हासिल की।

Khadi India
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises Government of India

राज्य स्तरीय प्रदर्शनी
खादी एवं ग्रामोद्योगी बाजार

दिनांक : 03-01-2025 से 12-01-2025 तक
स्थल : बी.टी.आई. ग्राउण्ड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
समय : प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक

प्रदर्शनी का आकर्षण

☞ छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों की खादी संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध कोसा की साड़ियां, सिल्क साड़ी, शर्टिंग, ड्रेस मटेरियल, रेडिमेड शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट, बैडशीट, दरी, लुंगी, गम्छे इत्यादि।

☞ पीएमईजीपी/ग्रामोद्योग के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित आचार, पापड़, बड़ी, अगरबत्ती, शैम्पु, साबून, आर्टिफिशियल फ्लावर, जूता, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी, हर्बल उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, फर्नीचर, डेकोरेटिव सामग्री, मिट्टी से उत्पादित वस्तुएं इत्यादि।

प्रदर्शनी में पधारकर ग्रामीण कारीगरों द्वारा उत्पादित शुद्ध खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग की वस्तुओं को खरीदकर कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वदेशी उत्पाद को प्रोत्साहित करें।

आयोजक
राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
प्रथम तल गांधी भवन, केयूर भूषण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)- 492001
फोन : 0771-2886428 E-mail: - soraipur.kvic@gov.in, Website: www.kvic.org.in

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY
में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है
किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867




**FORM NO. IV**
(See sub-rule (2A) of rule 5)
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL AT JABALPUR**
797-II, Shantikunj South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) 482001
**O.A. NO. 13 OF 2024**
**BANK OF INDIA** Applicant (s)
**VERSUS**
**M/S SHRI BHAWANI WIRE INDUSTRIES & OTH**
Defendants (s)
To,
1. **M/s Shri Bhawani Wire Industries,** A Proprietorship Concern thorugh its proprietor Shri Pravin Patil Son of Shri Chirukata Patil, situated at Plot No. 9/N, Heavy Industrial Area, Bhilai Nagar, Bhilai -3, District-Durg C.G.
2. **Shri Pravin Patil** Son of Shri Chirukuta Patil, proprietor of **M/s. Shri Bhawani Wire Industries,** Resident of House No. B-21 Vardhman Nagar Deopuri Mana Camp Raipur C.G.

Whereas **OA No. 13/2024** was listed before Hon'ble presiding officer on **18/1/24** Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue Summons/Notice on the said Application under Section 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery debts of **Rs. 1,94,63,494.05 /-(Rupees One Crore Ninety Four Lakhs Sixty Three Thousand Four Hundred Niety Four And Zero Five Paise Only)/-** (application alongwith copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the Defendants are directed as under :-
I. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
ii. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.
iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.
v. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written stated with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar **21/4/2025 on 10:30 A.M** at failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and seal of the tribunal on this the **31st day of Dec., 2024.**
Seal
**AUTH. OFFICER**
**DRT, JABALPUR**




## मोपका के खसरा नंबर 992 और 993 में जमीन गड़बड़ियों की जांच करेगी 17 सदस्यीय जंबो टीम

*बिलासपुर। ग्राम मोपका के खसरा नंबर 992 और 993 से संबंधित जमीनों पर गड़बड़ी की लगातार शिकायत के बाद अब कलेक्टर अवनीश शरण ने 17 सदस्यीय टीम जांच टीम बनाई है। अतिरिक्त कलेक्टर आर ए कुरुवंशी जांच टीम की अगुवाई करेंगे। जांच टीम में एसडीएम बिलासपुर पियूष तिवारी के साथ डिप्टी कलेक्टर शिवकुमार कंवर, तहसीलदार मुकेश देवांगन, भू अभिलेख अधीक्षक श्रीमती चांदनी ध्रुव के साथ 9 राजस्व निरीक्षक और 4 पटवारी शामिल हैं।*

■ सरकारी भूमि के अवैध कब्जे, अवैध पट्टों के निर्माण और अंतरण से जुड़ा है मामला

*जांच टीम को 7 दिन में रिपोर्ट देने कहा गया है। जमीन गड़बड़ी का यह मामला सरकारी भूमि के अवैध कब्जे, अवैध पट्टों के निर्माण और अंतरण से जुड़ा है। शिकायतों के मुताबिक ग्राम मोपका स्थित खसरा नंबर 992 और 993 को निस्तार पत्रक में सरकारी भूमि के रूप में उल्लेखित किया गया है। शिकायतों के अनुसार, इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से पट्टा बनवाकर, नाम दर्ज कराकर, और अंतरण करा लिए गए। इसके साथ ही जमीन कब्जा करते हुए प्लाटिंग भी की जा रही है। इसके अलावा, भूमि पर अवैध कब्जे की घटनाएं भी सामने आई हैं। टुकड़ों में विक्री सालों से की जा रही। गौरतलब है कि शहर के मोपका स्थित सरकारी जमीन खसरा न 992 और 993 मूल रूप से छोटे बड़े झाड़ के जंगल मद में रही है। यहां अवैध पट्टा वितरण और पट्टे की जमींन का बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के टुकड़ो में विक्री सालों से की जा रही है। इसकी कई बार शिकायत हुई लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब कलेक्टर बिलासपुर ने इस पर संज्ञान लिया है। अतिरिक्त कलेक्टर आर ए कुरुवंशी की अध्यक्षता में जांच टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य अब उक्त खसरों की शासकीय दस्तावेजों की जांच करेंगे और वर्तमान भूमि स्वामियों से भी उनके भू स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज लेकर दस्तावेज सत्यापन करेंगे।*

### 10 जनवरी तक पेश करने होंगे पूरे दस्तावेज

*जांच की कड़ी में अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर के द्वारा आम जनता के नाम पर इस्तहार भी जारी किया गया है। इसमें जांच के तहत, खसरा नंबर 992 और 993 से जुड़े सभी खातेदारों को सूचित किया गया है कि वे अपने स्वामित्व, अंतरण और मौके के कब्जे से संबंधित प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसके लिए 10 जनवरी अंतिम तिथि तय की गई है। सभी संबंधित व्यक्तियों को तहसीलदार कार्यालय, बिलासपुर में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने कहा गया है। खातेदारों को यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि नियत तिथि के बाद प्राप्त दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा।*

# शादी के 43 साल बाद भी एक-दूसरे के बिना एक पल नहीं रहते ये बुजुर्ग पति-पत्नी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ से भरी दुनिया में, ठाणे रेलवे स्टेशन के पास एक बुजुर्ग पति-पत्नी ने अपनी सरल, लेकिन गहन प्रेम कहानी से लोगों का दिल जीत लिया है। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे 8 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो में एक दृष्टिबाधित बुजुर्ग भीमराव और उनकी पत्नी शोभा का परिचय दिया गया है, जिनकी शादी को 43



साल हो गए हैं। यह दंपती स्टेशन के पास एक छोटा सा स्नैक स्टॉल चलाता है, जो दिखाता है कि प्यार और कड़ी मेहनत से किसी का भी दिल जीता जा सकता है।

भीमराव याद करते हुए बताते हैं, 'मार्च 12, 1982' को शादी हुई थी। शोभा तभी बोलती हैं 'हमारी शादी को 43 साल हो गए हैं।' शोभा ने बताया कि भीमराव ने दो साल की उम्र में अपनी दृष्टि खो दी थी, लेकिन इसने उन्हें उनसे शादी करने से नहीं रोका। उन्होंने बताया, 'हम हमेशा खुद को एक-दूसरे की जगह पर रखकर कल्पना करते हैं,' जबकि भीमराव ने कहा, 'हमने एक-दूसरे को पूरा करने और जीवन साथी के रूप में साथ रहने का फैसला किया।'

### हर चीज़ का जवाब है प्यार

सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंस सेक्शन को प्यार और तारीफों से भर दिया।एक यूजर ने कहा, 'प्यार हर चीज़ का जवाब है।' जबकि दूसरे ने कहा, "मैं नहीं रो रहा हूं, आप रो रहे हैं," वीडियो द्वारा उत्पन्न भावनाओं को पूरी तरह से कैद कर रहा है।

### 'लड़ते हैं, लेकिन टूटते नहीं'

शोभा ने चुटकी लेते हुए कहा कि भीमराव शेफ से बेहतर सब्जियां काटते हैं, जबकि उन्होंने शोभा को अपने घर का दिल होने का श्रेय दिया। जब शोभा से उनके प्यार की परिभाषा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम लड़ते हैं, लेकिन हम दो मिनट भी अलग नहीं रह सकते।' भीमराव ने मज़ेदार अंदाज़ में कहा, 'यह रसोई में बर्तनों की तरह हैं - वे टकराते हैं लेकिन कभी टूटते नहीं हैं।'

### कपल ने ज़ाहिर की एक सरल इच्छा

उन्होंने कहा कि उन्हें एक स्टॉल चाहिए जहां वे पूरे दिन खड़े हुए बिना अपने स्नैक्स बेच सकते थे। युवा पीढ़ी को उनका संदेश- 'कड़ी मेहनत ही सब कुछ है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं जी सकते। अगर आप दूसरों के लिए जीते हैं, तो आप वास्तव में जीते हैं। वीडियो एक खूबसूरत कैप्शन के साथ समाप्त होता है 'दूसरों के लिए भी जियो।'

# दुनिया को तबाही से बचाएगी यह गाय, वैज्ञानिकों ने किया विकसित, जो न छोड़ती है गैस, न लेती है डकार!

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया की तबाही को लेकर अलग-अलग भविष्यवाणियां की जाती रही हैं। कुछ लोगों का दावा है कि एलियंस धरती पर अटैक कर सकते हैं, तो कुछ लोग तीसरे विश्वयुद्ध की भविष्यवाणी कर लोगों को डराते हैं। लेकिन, वैज्ञानिक वातावरण में फैल रहे अलग-अलग गैसों के अलावा अन्य साइंटिफिक रीजन की वजह से धरती की तबाही की बात करते हैं। इन वैज्ञानिकों की मानें तो जिस तरह से धरती पर जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उससे यहां पर सैकड़ों सालों बाद जीवन बेहद मुश्किल होगा। नासा से जुड़े वैज्ञानिक पर्यावरण की क्षति में गायों को भी जिम्मेदार मान रहे हैं। असल में गायों की डकार से जहरीली मीथेन गैस निकल रही है। ये ग्रीनहाउस गैस है, यानी वही गैस जिसके कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। ऐसे में स्कॉटलैंड के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी गाय के बछड़े को विकसित किया है, जो दुनिया को तबाही से बचाने में सक्षम होगा। यह बछड़ा आम गायों से कम गैस छोड़ेगा और कम डकार भी लेगा. वैज्ञानिकों ने गाय के इस बछड़े का नाम हिल्डा रखा है।




### आधी सदी से अधिक समय से किया जा रहा अध्ययन

एक्सपर्ट बताते हैं कि आईवीएफ के प्रयोग से हिल्डा का जन्म पारंपरिक प्रजनन तकनीकों के प्रयोग की तुलना में आठ महीने पहले हुआ है। हिल्डा डम्फ्रीज स्थित लैंगहिल झुंड का हिस्सा है, जिसका अध्ययन आधी सदी से भी अधिक समय से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हिल्डा कूल काऊज परियोजना का भी हिस्सा है, जिसमें ऐसे मवेशियों का आनुवंशिक चयन किया जाता है, जो कम मीथेन उत्सर्जित करते हैं। हिल्डा को पैदा करने के लिए उसकी मां से अंडे लिए गए और विशेष रूप से चयनित बैलों के शुक्राणुओं से निषेचित किया गया। इसके बाद भ्रूण का निर्माण प्रयोगशाला में किया गया तथा उसे हिल्डा की मां के शरीर में प्रतिस्थापित किया गया।

### पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए होगा महत्वपूर्ण

बता दें कि इस बछड़े को लैंगहिल हर्ड में विकसित किया गया, जिसकी स्थापना पहली बार 1970 के दशक के प्रारंभ में हुई थी. यह दुनिया की सबसे लंबे समय से चल रही पशुधन आनुवंशिकी परियोजना है। इस झुंड का उपयोग डेयरी उत्पादन से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के अनेक अध्ययनों में किया गया है, जिनमें विभिन्न आहारों के प्रभाव तथा घास के मैदानों पर विभिन्न उर्वरकों के प्रभाव शामिल हैं। परियोजना में एक अन्य साझेदार, पैरागॉन वेटनरी ग्रुप के रॉब सिमंस ने कहा कि डेयरी गायों की 'मीथेन दक्षता'में आनुवंशिक सुधार लाना इस क्षेत्र की स्थिरता में सुधार लाने के लिए 'महत्वपूर्ण' है।

### आईवीएफ तकनीक से हुआ था हिल्डा का जन्म

गाय का यह बछड़ा हिल्डा, झुंड की किसी भी अन्य गाय की तरह ही दिखती है, लेकिन उसके जीन को इस तरह से संशोधित किया गया है कि डकार लेने और सांस रोकने पर हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन रुक जाए। ब्रिटेन के डेयरी उद्योग के लिए इसे 'बेहद महत्वपूर्ण' क्षण बताया गया है, क्योंकि हिल्डा का जन्म आईवीएफ तकनीक से हुआ था, जिससे अधिक हरित प्रजाति के मवेशी पैदा हुए, जो कम मीथेन उत्सर्जित करते हैं। बता दें कि गायें बहुत अधिक गैस उत्पन्न करती हैं, तथा उनके डकार से उत्पन्न मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वायुमंडल को 28 गुना अधिक गर्म करती है। चूंकि मवेशी विश्व के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 5 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं, इसलिए शोधकर्ता उनके प्रभाव को कम करने के तरीके खोजने में लगे हुए थे। उसी के तहत हिल्डा को विकसित किया गया।

# आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर का संदिग्ध हालत में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विश्रामपुर

आईसीआईसीआई बैंक सूरजपुर के 32 वर्षीय ब्रांच मैनेजर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में पड़ा मिला है। वह अपनी शिक्षिका मां के साथ नानी के घर पर ही रहता था। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा होने के बाद पीएम के लिए उसके शव को अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया है।



परिजनों के केरल से लौटने के बाद उसके शव का पीएम होगा जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस थाने में मृतक के मामा द्वारा दर्ज कराए गए मर्ग सूचना के मुताबिक मुख्य मार्ग पुराना थाना समीप निवासी मृतक ओ. लोहित विज पिता स्व. ओ विजय कुमार 32 वर्ष जो आईसीआईसीआई बैंक सूरजपुर में बतौर ब्रांच मैनेजर कार्यरत थे। सामान्य दिनों की तरह वह बुधवार को किसी होटल से खाना खाकर रात साढ़े नौ बजे अपने घर आया और अपनी मां और नानी से बातचीत की। इसके बाद मकान के ऊपरी मंजिल में बने कमरे में सोने चला गया।

### पत्नी मायके गई, भाई तीर्थयात्रा में

*बताया गया कि मृतक की पत्नी ढाई वर्षीय बच्ची के साथ अपने मायके केरल गई हुई है। वहीं, मृतक का छोटा भाई केरल के सबरीमाला मंदिर के दर्शन के लिए गया हुआ है। मृतक की मां जयश्री विजय कन्या हाईस्कूल में शिक्षिका हैं। वह अपने बच्चों के साथ अपने मां के घर में ही रहती हैं। पत्नी और भाई के केरल से लौटने के बाद मृतक के शव का पीएम किया जाएगा। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।*




भारत का सबसे रहस्यमयी गांव

# पर्यटक नहीं छू सकते यहां मौजूद कोई भी चीज

**नई दिल्ली।** आपने ये तो सुना ही होगा कि भारत विविधताओं का देश है, पर यहां कई रहस्यमयी चीजें भी हैं, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान हो जाता है। कई ऐसी जगहें हैं, जो आम लोगों की नजरों से दूर होती हैं, इस वजह से बहुत से लोग उसके रहस्य से रूबरू नहीं होते। इन दिनों ऐसे ही एक रहस्यमयी गांव के चर्चे हैं। क्योंकि, सोशल मीडिया पर उससे जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, भारत के इस गांव में पर्यटकों को कुछ भी छूने की मनाही है। अगर, उन्होंने गलती से कुछ भी छू लिया तो उन्हें सजा दी जाती है। इंस्टाग्राम यूजर नोलन सौमुरे एक ट्रैवलर हैं, वो अक्सर दुनिया के अलग-अलग देशों की यात्रा करते हुए वीडियोज पोस्ट करते हैं। हाल ही में उन्होंने भारत से जुड़ा एक वीडियो डाला। वो हिमाचल प्रदेश के एक गांव पहुंचे थे, जिसका नाम मलाना है। ये पार्वती घाटी में स्थित गांव है। ये गांव अपने प्राचीन रीति-रिवाज और अनोखी भाषा के लिए चर्चित है।



### छुएगा उन्हें देना पड़ेगा फाइन

कुछ-कुछ मंदिरों या इमारतों पर चेतावनी भी लिखी है, जिसके तहत जो कोई भी इमारतों को छुएगा, उन्हें फाइन देना पड़ेगा। वीडियो में आप देख सकते हैं कि नोलन अपने एक भारतीय साथी के साथ यात्रा करते दिख रहे हैं और जब उनके सामने से ग्रामीण महिलाएं गुजरती हैं, तो वो उनसे बचते-बचते दूर से निकलती हैं। अगर आपको यहां जाकर किसी भी सामान के लिए पेमेंट करना होता है, तो आपको पहले पैसों को जमीन पर रखना पड़ता है, तब सामने वाला व्यक्ति उसे उठा लेता है।

### इस वजह से छूना है मना

*शख्स ने बताया कि ऐसा जाति व्यवस्था कि वजह से होता है। यहां रहने वाले लोगों को लगता है कि ये जाति व्यवस्था की सीढ़ी पर सबसे ऊपर हैं, बाकी सारे लोग इनसे नीचे हैं। गांव को लेकर तो कई तरह की अफवाहें भी फैलती हैं। ट्रिपोटो वेबसाइट के अनुसार एक प्रचलित अफवाह है कि इस गांव के लोग दुनिया के महान राजा सिकंदर के वंशज हैं। हालांकि, वहीं के लोगों ने ये बात साफ भी की कि ये सिर्फ कुछ सालों पहले से उड़ाई गई एक अफवाह है।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com